दैनिक
# बुलन्द मंज़िल
Daily Bilingual News Paper (Hindi & English)
PRGI NO. - UPBIL/25/A4797
उ.प्र. के जनपद सम्भल से प्रकाशित...
बरेली मण्डल व मुरादाबाद मण्डल के जनपद अमरोहा, रामपुर, बिजनौर से प्रसारित...
वर्ष : 01 अंक : 90 संभल, गुरूवार 12 मार्च 2026 पृष्ठ : 12 मूल्य: 05/-रू.

आवश्यकता है
मेरठ, हापुड़, बरेली, गाज़ियाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ आदि शहरो में जनपद स्तर, तहसील स्तर, ब्लॉक स्तर पर पत्रकारों की आवश्यकता है।
सम्पर्क सूत्र
मोब.- 8630704122

पेज :- 03- महिलाओं के मामलों में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त...
पेज :- 04- रोटरी क्लब हापुड़ के नवनियुक्त अध्यक्ष मुस्लिम कुरैशी..

# सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार इच्छामृत्यु की इजाजत दी

## 13 साल से कोमा में है बेटा, माता-पिता ने लगाई थी गुहार

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को इच्छामृत्यु मामले में एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया। कोर्ट ने 13 साल से कोमा में रह रहे 31 साल के युवक हरीश राणा को इच्छामृत्यु (पैसिव यूथेनेशिया) की मंजूरी दे दी। गाजियाबाद के रहने वाले हरीश लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर हैं। देश में इस तरह का यह पहला मामला है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने एम्स को निर्देश दिया कि हरीश के लाइफ सपोर्ट सिस्टम को चरणबद्ध तरीके से हटाया जाए। यह प्रोसेस इस तरह से की जानी चाहिए कि मरीज की गरिमा बनी रहे।

पैसिव यूथेनेशिया का मतलब होता है कि किसी गंभीर रूप से बीमार मरीज को जिंदा रखने के लिए जो बाहरी लाइफ सपोर्ट या इलाज दिया जा रहा है, उसे रोक दिया जाए या हटा लिया जाए, ताकि मरीज की प्राकृतिक रूप से मौत हो सके। सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला हरीश की मां निर्मला राणा और पिता अशोक राणा की इच्छामृत्यु देने की अपील पर सुनाया। फैसले पर पिता अशोक ने कहा- हम इसके लिए लंबे समय से लड़ रहे थे। कौन से माता-पिता अपने बेटे के लिए ऐसा चाहेंगे। पिछले 3 साल से हम यह मामला लड़ रहे थे। अब उसे एम्स ले जाया जाएगा।

### इच्छामृत्यु के 2 तरीके

- **पैसिव यूथेनेशियाः** इसमें मरीज का इलाज या लाइफ सपोर्ट जैसे वेंटिलेटर, फीडिंग ट्यूब या दवाइयां रोक दी जाती हैं, ताकि उसकी मौत प्राकृतिक रूप से हो सके। इसमें डॉक्टर कोई नया काम नहीं करते, सिर्फ इलाज बंद कर देते हैं। मौत का कारण बीमारी ही रहती है।
- **एक्टिव यूथेनेशियाः** इसमें मरीज को मौत देने के लिए डॉक्टर दवाई या इंजेक्शन का इस्तेमाल करते हैं। भारत में यह गैर-कानूनी है। अगर कोई जान-बूझकर किसी मरीज को दवाई देकर मारता है, तो इसे बीएनएस की धारा के तहत हत्या या के तहत आत्महत्या में मदद माना जाता है।

### भारत के संविधान में इच्छामृत्यु का क्या कानून है

2005 में कॉमन कॉज नाम की एक एनजीओ ने पैसिव यूथेनेशिया यानी निष्क्रिय इच्छामृत्यु के अधिकार की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इस पर 9 मार्च 2018 को सीजेआई दीपक मिश्रा की अगुआई वाली 5 जजों की बेंच ने इच्छामृत्यु को कानूनी मान्यता दी। अगर किसी मरीज को लाइलाज बीमारी हो या वेजिटेटिव स्टेट में यानी लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर ही जिंदा हो, तो प्राकृतिक तरीके से मृत्यु के लिए उसका इलाज बंद किया जा सकता है। इसे इच्छामृत्यु नहीं, बल्कि सम्मान के साथ मृत्यु का अधिकार माना जाएगा। यह अधिकार संविधान के आर्टिकल 21 का हिस्सा है, जिसमें सम्मान से जीने के साथ सम्मान से मरने का अधिकार है।

वह पंजाब यूनिवर्सिटी में टॉपर हुआ करता था। जस्टिस पारदीवाला ने फैसला सुनाते वक्त अमेरिकी धर्मगुरु हेनरी वार्ड बीचर के शब्दों का हवाला देते हुए कहा, 'ईश्वर मनुष्य से यह नहीं पूछते कि वह जीवन स्वीकार करता है या नहीं, उसे जीवन लेना ही पड़ता है।'

उन्होंने विलियम शेक्सपीयर के प्रसिद्ध नाटक हेलमेट की पंक्ति का भी जिक्र करते हुए कहा कि अदालतों को कई बार इसी तरह के प्रश्नों के संदर्भ में 'मरने के अधिकार' पर विचार करना पड़ता है। अदालत ने यह भी कहा कि डॉक्टर का कर्तव्य मरीज का इलाज करना है, लेकिन जब मरीज के ठीक होने की कोई संभावना न हो, तो यह कर्तव्य उसी रूप में कायम नहीं रहता। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से पैसिव यूथेनेशिया पर कानून बनाने पर विचार करने का भी कहा।



### हरीश हॉस्टल की चौथी मंजिल से गिरे थे, तब से बिस्तर पर

दिल्ली में जन्मे हरीश राणा चंडीगढ़ की पंजाब यूनिवर्सिटी से बीटेक की पढ़ाई कर रहे थे। 2013 में वह हॉस्टल की चौथी मंजिल से गिर गए। इसकी वजह से उनके पूरे शरीर में लकवा मार गया और वह कोमा में चले गए। वह न कुछ बोल सकते हैं और न ही महसूस कर सकते हैं। डॉक्टर्स ने हरीश को क्वाड्रिप्लेजिया बीमारी से पीड़ित करार दिया। इसमें मरीज पूरी तरह से फीडिंग ट्यूब यानी खाने-पीने की नली और वेंटिलेटर सपोर्ट पर निर्भर रहता है। इसमें रिकवरी की कोई गुंजाइश नहीं होती। 13 साल से बिस्तर पर पड़े होने की वजह से हरीश के शरीर पर बेडसोर्स यानी गहरे घाव बन गए हैं। उनकी हालत लगातार खराब होती जा रही है। यह स्थिति हरीश के लिए बहुत दर्दनाक है। परिवार के लिए उन्हें ऐसे देखना मानसिक रूप से बेहद कठिन हो गया है। वेंटिलेटर, दवाइयों, नर्सिंग और देखभाल पर कई साल से इतना खर्च हो चुका है कि परिवार आर्थिक रूप से टूट चुका है।

### सुप्रीम कोर्ट ने 2 तरह के नियम बनाए...

#### 1 जब मरीज ने पहले ही 'लिविंग विल' लिख रखी हो

जब मरीज ने मेंटली फिट रहते हुए अपनी इच्छा से लिविंग विल लिखी हो। इस लिविंग विल में साफ तौर पर लिखा जाता है कि मरीज की बीमारी अगर लाइलाज हो जाए यानी अगर वह अब कभी ठीक होने लायक न बचे तो उसे लाइफ सपोर्ट सिस्टम से हटा दिया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने इसके लिए भी कुछ नियम बनाए हैं... 18 साल से ज्यादा उम्र और स्वस्थ व्यक्ति ही लिविंग विल लिख सकता है। मरीज ने 2 गवाहों के सामने लिविंग विल साइन की हो। डॉक्यूमेंट्स को ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट ने वेरिफाई किया हो। इलाज करने वाले डॉक्टर, हॉस्पिटल के मेडिकल बोर्ड और जिला स्तर के एक बाहरी मेडिकल बोर्ड की मंजूरी ली गई हो। दोनों बोर्डों की मंजूरी मिलने के बाद वेंटिलेटर जैसे लाइफ सपोर्ट सिस्टम को बंद किया जा सकता हो। इस पूरी प्रक्रिया के बारे में परिवार को जानकारी दी जाती है। किसी भी तरह के विवाद की स्थिति में हाईकोर्ट में अपील की जा सकती है।

#### 2 जब कोई लिविंग विल न हो

जब मरीज अपने होश में रहते हुए लिविंग विल नहीं बनाता तो उसका परिवार या करीबी ये फैसला ले सकते हैं। हालांकि, ये इतना आसान नहीं है। इसके लिए 2018 में सुप्रीम कोर्ट के बनाए गए इन नियमों का पालन करना होता है...अस्पताल के डॉक्टरों का एक बोर्ड मरीज की कंडीशन चेक कर रिपोर्ट बनाता है। कलेक्टर 3-5 एक्सपर्ट्स का दूसरा मेडिकल बोर्ड बनाते हैं, जो ये रिपोर्ट चेक करता है। दोनों बोर्ड के सहमत होने पर इस फैसले को ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट के पास भेजा जाता है। मजिस्ट्रेट मरीज से मिलकर आखिरी निर्णय लेते हैं। अगर इसमें किसी तरह की विवाद की स्थिति होती है, तो हाइकोर्ट में अपील की जा सकती है।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रदेश में बदलेगा मौसम, आंधी-बारिश की चेतावनी

**19 जिलों में गिर सकते हैं ओले; पारा 40 डिग्री पार, आज हीटवेव का अलर्ट**



जयपुर। राजस्थान में तेज गर्मी और हीटवेव की बीच राहत की खबर है। राज्य में 14 मार्च को पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टरबेंस) एक्टिव होने से आंधी-बारिश हो सकती है।

मौसम विभाग ने 14 मार्च को 19 जिलों में बारिश और ओले गिरने का यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, बुधवार को 2 जिलों में हीटवेव का अलर्ट है। राज्य में मंगलवार को सभी इलाकों में आसमान साफ रहा। दिन में तेज धूप रही। जैसलमेर, बाड़मेर समेत सीमावर्ती अन्य जिलों में हल्की से मध्यम हीटवेव चली।

बाड़मेर में मंगलवार को सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान 40.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। पिलानी (झुंझुनूं) में अधिकतम तापमान 39.2, चित्तौड़गढ़ में 39, चूरू में 38.7, जोधपुर में 38.6 और जैसलमेर में 38.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

**14 मार्च को बदलेगा मौसम :** मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया- एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस 14 मार्च को उत्तर भारत में एक्टिव होगा। इस सिस्टम का असर 14 और 15 मार्च को देखने को मिल सकता है। इससे राज्य में कहीं-कहीं मेघगर्जन के साथ हल्की आंधी-बारिश होने और तापमान में 2-3 डिग्री गिरावट होने की संभावना है।

### मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने का प्रस्ताव तैयार

**लोकसभा के 120, राज्यसभा के 60 सांसदों ने दस्तखत किए, आज संसद में पेश किया जा सकता है**



नई दिल्ली (एजेंसी)। विपक्षी दलों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने के लिए प्रस्ताव लाने के लिए सांसदों के दस्तखत जुटा लिए हैं। सूत्रों के अनुसार यह प्रस्ताव गुरुवार या शुक्रवार को संसद के दोनों सदनों (लोकसभा और राज्यसभा) में पेश किया जा सकता है। एक वरिष्ठ सांसद ने बताया कि हस्ताक्षर जुटाने का काम पूरा हो गया है। अब तक लोकसभा में प्रस्ताव देने के लिए लगभग 120 सांसदों और राज्यसभा में लगभग 60 सांसदों ने इस नोटिस पर दस्तखत किए हैं। विपक्ष का आरोप है कि सीईसी कई मौकों पर सत्तारूढ़ भाजपा को फायदा पहुंचाने में मदद कर रहे हैं, खासकर स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन नाम की मतदाता सूची की समीक्षा प्रक्रिया को लेकर। विपक्ष का कहना है कि यह प्रक्रिया केंद्र की सरकार को फायदा पहुंचाने के लिए की जा रही है।

**कानून के अनुसार प्रस्ताव मंजूर होने पर ही जांच समिति**

मुख्य चुनाव आयुक्त को उसी तरीके से हटाया जा सकता है जैसे सुप्रीम कोर्ट के जज को हटाया जाता है। अन्य चुनाव आयुक्तों को हटाने के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त की सिफारिश जरूरी होती है। जजेज (इन्क्वायरी) एक्ट 1968 के अनुसार, अगर दोनों सदनों में एक ही दिन नोटिस दिया जाता है, तो जांच समिति तभी बनेगी जब दोनों सदनों में प्रस्ताव स्वीकार कर लिया जाएगा।

### ओमान के सलालाह पोर्ट में तेल स्टोरेज पर ड्रोन अटैक

तेल अवीव/तेहरान। ओमान के दक्षिणी शहर सलालाह के पोर्ट पर तेल स्टोरेज टैंकों पर ड्रोन हमला हुआ है।ओमानी सरकारी मीडिया के मुताबिक ड्रोन हमले के बाद पोर्ट के फ्यूल स्टोरेज टैंकों में आग लग गई, हालांकि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। हमले के पीछे किसका हाथ है, यह अभी साफ नहीं है। समुद्री सुरक्षा कंपनी एम्ब्रे ने बताया कि इस घटना में पोर्ट पर मौजूद किसी व्यापारी जहाज को नुकसान नहीं हुआ। घटना के बाद ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक अल-सईद ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान से फोन पर बात की और ओमानी क्षेत्र पर हो रहे हमलों पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि ओमान अपनी सुरक्षा और स्थिरता बनाए रखने के लिए सभी जरूरी कदम उठाएगा।

### पटेला री पोल

ट्रंप फस गए चक्कर में, ईरान ने बिगाड़ दिया खेल
इजरायल की जिद के चलते, अब दोनों हो गए फेल
अमेरिका की हो रही पिटाई, हिंदुस्तानी हो रहे राजी
अपमान हमारा वह कर रहा था, और चुप बैठा था काजी

..मुखिया जी

# गैस-सिलेंडर की किल्लत
## सर्वर ठप होने से ऑनलाइन-बुकिंग बंद

### फूड डिपार्टमेंट के अफसरों की छुट्टी कैंसिल

जयपुर। राजस्थान में कॉमर्शियल और घरेलू गैस सिलेंडर की सप्लाई प्रभावित होने लगी है। जहां सिलेंडर मिल रहे हैं, वहां कालाबाजारी के आरोप लग रहे हैं। ऐसे में सिलेंडरों को लेकर हालात बिगड़ने लगे हैं। तेल कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन का इंटरनल सर्वर स्ङरूस् (सेल्स एंड डिस्ट्रीब्यूशन मैनेजमेंट सिस्टम) सुबह से बंद है। इस कारण इंडेन गैस उपभोक्ता मोबाइल, वॉट्सएप और ऑनलाइन रिफिलिंग बुक नहीं करवा पा रहे हैं। प्रदेश में गैस सिलेंडर की सप्लाई प्रभावित होने के चलते सीएम भजनलाल शर्मा ने बैठक की। गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुचारू बनाए रखने के लिए खाद्य नागरिक एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों की छुट्टियां कैंसिल कर दी गई है। सीएम ने कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को कहा है।

टोंक में भारत गैस की एक एजेंसी ने पोषाहार के लिए दिए जाने वाली सिलेंडरों की सप्लाई रोक दी है। जयपुर में कॉमर्शियल सिलेंडर 2500 रुपए से भी ज्यादा में बिक रहा है। इसे लेकर होटल-रेस्टोरेंट मालिक ने नाराजगी जताई है। कोटा में सप्लाई नहीं होने से कई मैस और हॉस्टल ने खाना बनाना बंद कर दिया है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि गैस सिलेंडर की किल्लत को लेकर कांग्रेस गुरुवार से प्रदेशव्यापी आंदोलन करेगी।



**जयपुर के रेस्टोरेंट्स में तवा रोटी मिलना बंद**

जयपुर में कई रेस्टोरेंट में तवा रोटी मिलना बंद हो गई है। कई रेस्टोरेंट में साउथ इंडियन और चाइनीज फूड भी मिलना बंद हो गया है। सोडाला स्थित एक रेस्टोरेंट में नोटिस लगाया गया है। इसमें लिखा है- 'तवा रोटी उपलब्ध नहीं है। केवल तंदूरी रोटी उपलब्ध है।'


**एजेंसी का दावा- कंपनी के आदेश पर सप्लाई बंद**

टोंक की बुंदेल गैस एजेंसी ने सरकारी स्कूलों में पोषाहार के लिए दिए जाने वाली कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई रोक दी है। संचालक दिनेश बुंदेल ने कलेक्टर को पत्र लिखकर इसकी जानकारी दी है। एजेंसी का दावा है कि कंपनी के मौखिक आदेश पर ऐसा किया गया है। हालांकि, जिले की दूसरी गैस एजेंसियों ने ऐसी कोई जानकारी प्रशासन को नहीं दी है। झुंझुनूं में पिछले 72 घंटों से गैस बुकिंग का सर्वर ठप पड़ा है। वॉट्सएप, कंपनियों के एप, IVRS या मैसेज के जरिए गैस बुक नहीं हो रही है।

**ग्राहकों की शिकायत आई तो एजेंसी पर होगी कार्रवाई**

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के शासन सचिव अंबरीश कुमार ने सभी जिलों के डीएसओ को गैस सिलेंडर की सप्लाई की रेगुलर मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। उन्होंने तेल कंपनियों से स्टॉक और सप्लाई के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा- आम उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर आपूर्ति की शिकायत आई तो संबंधित एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई होगी। वहीं, जयपुर के त्रिवेणी नगर इलाके के कई रेस्टोरेंट संचालकों ने बताया कि सिलेंडर सप्लायर मनमानी वसूली कर रहे हैं। सिलेंडर 2500 रुपए तक में बेचा जा रहा है।

### देशभर में एलपीजी की किल्लत
**एजेंसी के बाहर लंबी लाइनें**



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका-इजराइल की ईरान से जंग की वजह से देशभर में एलपीजी की किल्लत हो रही है। गैस सिलेंडर लेने के लिए एजेंसियों पर लंबी लाइनें लगी हैं। दिल्ली, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और राजस्थान समेत कई राज्यों ने कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई पर रोक से होटलों और रेस्टोरेंट्स में खाना नहीं बन पा रहा है।

वहीं, एलपीजी सिलेंडर की किल्लत के चलते अयोध्या में राम रसोई को बंद कर दिया गया है। 8 साल में पहला मौका है जब राम रसोई बंद की गई है।

इस बीच देश में रसोई गैस की कमी की खबरों को सरकार ने फेक बताया। जनता से शांत रहने की अपील की और स्क्त्र की कमी को लेकर झूठी खबरें न फैलाने को कहा है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने मीडिया ब्रीफिंग में बताया कि देश में एलपीजी की डिलीवरी साइकल अभी भी 2.5 दिन ही बना हुआ है।

## पीएम मोदी बोले-कांग्रेस के युवराज छोटे दायरे में सिमटे



चेन्नई/कोच्चि (एजेंसी)। पीएम नरेंद्र मोदी बुधवार को केरलम (केरल) दौरे पर हैं। उन्होंने एर्नाकुलम के कोच्चि में ?10,800 करोड़ की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इसके बाद एनडीए की एक चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान लोकसभा सांसद राहुल गांधी की आलोचना की।

प्रधानमंत्री ने कहा- कांग्रेस के युवराज को यह नहीं पता कि भारत के युवा आज ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग में कमाल कर रहे हैं। उन्हें यह भी नहीं पता कि केरल के युवाओं ने ड्रोन विकसित करने के लिए स्टार्टअप शुरू किए हैं। जो व्यक्ति अपने छोटे दायरे में सिमटा हो, उसे देश का विकास कभी नहीं दिखेगा।

पीएम ने कहा- खाड़ी और पश्चिम एशिया में जो कुछ हो रहा है, उसे लेकर लोगों का चिंतित होना स्वाभाविक है, लेकिन आज देश में भाजपा की सरकार है। जब भी हमारा कोई देशवासी मुसीबत में फंसा है, हमने उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा दी है।

**कोच्चि में पीएम के भाषण की मुख्य बातें...**

- खाड़ी में जारी युद्ध ने हमें एक बार फिर आत्मनिर्भरता के महत्व का सबक सिखाया है। हमने देखा है कि कोविड संकट, यूक्रेन संकट और मौजूदा संकट के दौरान आत्मनिर्भर होना कितना जरूरी है। कांग्रेस जानबूझकर भड़काऊ और गैर-जिम्मेदाराना बयान दे रही है ताकि हालात और बिगड़ें।
- चाहे इराक से नर्सों को निकालना हो या यमन में आतंकवादियों के चंगुल से फादर टॉम को छुड़ाना हो, संकट के समय भारत अपने नागरिकों को कभी नहीं छोड़ता। आज भी हमारी कोशिश यही है कि युद्धग्रस्त देशों में फंसे भारतीयों की सुरक्षित निकाला जाए।
- केरलम के पास नेचर, कल्चर, टैलेंट, टेक्नोलॉजी और विशाल सागर का आशीर्वाद है। इसके बावजूद राज्य का विकास उस गति से नहीं हुआ जैसा होना चाहिए था। एलडीएफ और यूडीएफ की सरकार ने विकास के लिए मेहनत नहीं की। सबरीमाला मंदिर मामले में एलडीएफ और यूडीएफ की पार्टनरशिप देश लीजिए।
- विकसित केरलम के लिए सबसे बड़ी जरूरत टूरिज्म, टैलेंट और टेक्नोलोजी को नए अवसर देना है। कांग्रेस को केरल के युवाओं के सामर्थ्य पर भरोसा ही नहीं है।

# स्पीकर बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव खारिज
## शाह बोले- आंख मारने वाले स्पीकर पर सवाल उठा रहे; विपक्ष ने माफी मांगो के नारे लगाए

नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा में बुधवार को स्पीकर ओम बिरला को पद से हटाने वाला अविश्वास प्रस्ताव ध्वनिमत से खारिज हो गया। गृह मंत्री अमित शाह ने 56 मिनट तक प्रस्ताव पर सरकार की तरफ से जवाब दिया। इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला।

शाह ने कहा कि 18वीं लोकसभा में कांग्रेस सांसदों को बोलने के लिए भाजपा से दो गुना ज्यादा समय मिला। फिर भी विपक्ष के नेता कहते हैं कि हमें बोलने नहीं दिया जाता। जब बोलने का मौका आता है तो वे जर्मनी में होते हैं, इंग्लैंड में होते हैं।

शाह ने कहा- एक तो वे बोलना नहीं चाहते हैं। जब बोलना चाहते हैं तो नियम के अनुसार नहीं बोलना चाहते हैं। ये सदन नियम से चलेगा। स्पीकर को नियमों के उल्लघंन पर रोकने और टोकने का अधिकार है। ये सदन मेला नहीं है, जो नियम से नहीं चलेंगे, उसका माइक बंद ही होगा।

गृह मंत्री ने आगे कहा- राहुल सदन में पीएम मोदी से आकर गले लग जाते हैं। आंख मारते हैं। फ्लाइंग किस देते हैं। मुझे तो बोलने में भी शर्म आती है। ये स्पीकर के आचरण पर सवाल करते हैं। अपने आचरण पर भी तो सवाल करिए। शाह के जवाब के दौरान विपक्ष ने जमकर हंगामा किया और 'अमित शाह माफी मांगो' के नारे लगाए।



कितना बोलना है इसके लिए कुछ नियम बने हैं। 17वीं लोकसभा कांग्रेस को 157 घंटे 55 मिनट का समय दिया गया। जबकि उनके 52 सदस्य थे। कांग्रेस को भाजपा से 6 गुना ज्यादा समय दिया गया। जबकि भाजपा के पास 6 गुना ज्यादा सदस्य थे

18वीं लोकसभा में भी कांग्रेस को भाजपा से दो गुना समय मिला। नेता प्रतिपक्ष कहते हैं कि हमें बोलने नहीं दिया जाता। मगर बोलने का मौका आता है तो जर्मनी में होते हैं इंग्लैंड में होते हैं। फिर शिकायत करते हैं।

**समिट में कांग्रेस के प्रदर्शन पर:** शाह ने कहा कि दिल्ली में एआई समिट हुआ। 80 देशों की बड़ी कंपनियां आईं। 20 से ज्यादा देशों के राष्ट्राध्यक्ष आए और कांग्रेस के लोग वहां कपड़े उतारकर वहां प्रदर्शन करने लगे। वे कहते हैं कि ये उनका अधिकार है। जबकि दिल्ली में प्रदर्शन के लिए जंतर-मंतर बनाया गया है। कांग्रेस भाजपा का विरोध करते-करते भारत का विरोध करने लगी है।

**अमेरिका के साथ ट्रेड डील पर:** शाह ने कहा कि कांग्रेस आरोप लगा रही है कि अमेरिका के साथ ट्रेड डील में भारतीय किसानों का नुकसान हुआ है। मैं कहना चाहता हूं कि एक भी डील में नहीं भारत के किसान का नुकसान हुआ है। किसानों का नुकसान 2013 में कांग्रेस ने किया था।

शाह ने कहा कि कांग्रेस चीन के साथ सीमा विवाद पर चर्चा करना चाहती थी। वो एक किताब के रेफरेंस से चर्चा करना चाहती थी, जो प्रकाशित नहीं हुई। इसलिए चर्चा करने की इजाजत नहीं दी गई।

CMYK

# युद्ध से गहराया तेल संकट

अमेरिका-इजराइल और ईरान की जंग को एक सप्ताह से अधिक हो चुके हैं। युद्ध लगातार जारी है और दोनों देशों की तरफ से ताबड़तोड़ हमले किए जा रहे हैं। इस बीच से न सिर्फ युद्धरत देशों बल्कि अन्य देश भी प्रभावित हो रहे हैं। युद्ध का असर अब सीधे तौर पर दुनियाभर में देखने को मिल रहा है। हर किसी को डर सता रहा है कि आने वाले दिनों में लोगों को तेल के संकट का सामना न करना पड़े। मध्य-पूर्व के देशों पर इसका साफ असर दिखाई देने लगा है। जिसमें तेल और गैस प्रोजेक्ट प्रभावित हो गए हैं। साथ ही होर्मुज की खाड़ी जैसे अहम रास्तों पर भी सुरक्षा खतरा बढ़ गया है। इसी कारण वैश्विक बाजार में तेल की सप्लाई कम होने और कीमतें बढ़ने का खतरा पैदा हो गया है। हालांकि भारत सरकार की तरफ से दावा किया जा रहा है कि न तो तेल की कमी है और न ही किसी तरह की कोई कीमतों में इजाफा किया जाएगा। ईरान-इजराइल अमेरिका में युद्ध के कारण वैश्विक तेल आपूर्ति श्रृंखला बुरी तरह बाधित हुई है, जिससे कच्चे तेल की कीमतें 100-110 प्रति बैरल से ऊपर चली गई हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने के डर और हूतियों/ईरान द्वारा तेल ठिकानों को निशाना बनाने से आपूर्ति में भारी कमी आई है, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए खतरा पैदा कर रही है। दरअसल दुनिया का 20 प्रतिशत तेल होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरता है, जिस पर तनाव के कारण सऊदी अरब और यूएई को उत्पादन में कटौती करनी पड़ी है। यही कारण है कि तेल की कीमतों में 30 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई है, जो 2022 के उच्चतम स्तर के करीब है। आपदा की इस स्थिति में भारत को इस संकट से बड़ा खतरा हो सकता है, क्योंकि वह भी अपनी ऊर्जा जरूरतों का एक बड़ा हिस्सा इस क्षेत्र से आयात करता है। भारत के पास लगभग 74 दिनों का भंडार (भूमिगत भंडार और रिफाइनरी शामिल) है, लेकिन कीमतें बढ़ने पर डीजल-पेट्रोल की रिकॉर्ड बढ़ोतरी हो सकती है। जबकि इन हालातों में पाकिस्तान और बांग्लादेश में तूफान उठ खड़ा हुआ है। वहां तेल की आपूर्ति बाधित होने से पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ा दिए गए हैं। वैश्विक बाजार में ईंधन की कमी से ट्रांसपोर्टेशन महंगा हो गया है, जिससे खाद्य पदार्थों और रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतें बढ़ना शुरू हो गई हैं। यह स्थिति 1973 और 1979 के तेल प्रतिबंधों के समान है, जहां मध्य पूर्व के संघर्षों ने वैश्विक ऊर्जा संकट पैदा हो गया था। युद्ध के असर से भारत भी अछूता नहीं है। गैस महंगी हो गई है, तेल पर संकट गहराया है, सेंसेक्स गिर रहा है और रुपया लुढ़कता जा रहा है। खाड़ी देशों में करीब एक करोड़ भारतीयों की जान फंसी है। इन मुद्दों को लेकर संसद में विपक्ष ने जोरदार प्रदर्शन किया और चर्चा की मांग की। सरकार ने संसद में बयान देते हुए सप्लाई चेन पर असर और भारतीयों के रेस्क्यू की बात कही, लेकिन विपक्ष इससे संतुष्ट नहीं है। विपक्ष तेल-गैस की कीमतों, निर्यातकों को हो रहे नुकसान और भारत के स्पष्ट रुख पर सवाल उठा रहा है। सरकार का कहना है कि विपक्ष, खासकर कांग्रेस, संसद चलने नहीं देना चाहती। वहीं विदेश नीति विशेषज्ञ हर्ष पंत का कहना है कि मौजूदा हालातों में तेल के दाम बढ़ने तय हैं और वैश्विक महंगाई पर भी इसका असर होगा। उन्होंने कहा दुनिया की जो बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं उन्हें भी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है जबकि कमजोर अर्थव्यवस्थाएं चरमरा रही हैं। ट्रंप का जो बयान है उससे यही लगता है कि या तो उन्हें दीर्घकालिक असर की कोई परवाह नहीं है या उन्हें इसकी समझ नहीं है। भारत की रणनीति पर वे कहते हैं भारत अपने तेल आयात का डायवर्सिफिकेशन करता रहा है, जब यूक्रेन का युद्ध शुरू हुआ तो भारत ने रूस से भारी मात्रा में तेल लेना शुरू कर दिया, जबकि उसके पहले महज करीब 2 प्रतिशत ही तेल आयात करता था।

# शक्ति और नारायणी से सशक्तिकरण

भारतीय नारीवाद


प्रो. शांतिश्री धुलीपुड़ी पंडित

भारतीय नारीवाद जो धारा प्रस्तुत करता है, वह पश्चिमी नारीवाद के विरोध का नहीं बल्कि यह याद दिलाने का प्रयास है कि स्वतंत्रता की कल्पना करने के और भी तरीके हैं। प्रत्येक समाज महिला की अस्तित्व के सवाल को उन अनुभवों के माध्यम से रचता है, जिसने उसे आकार दिया। यूरोप में, आधुनिक नारीवादी शब्दावली का जन्म चर्च, संपत्ति और आधुनिक राज्य के साथ लंबी लड़ाई के परिणामस्वरूप हुआ। इसलिए, यह विरोधाभासों के आधार पर संरचित है, जो बोलियों में स्पष्ट हैं: व्यक्ति बनाम अधिकार, अधिकार बनाम बहिष्कार, शरीर बनाम नियंत्रण। उस इतिहास ने शक्तिशाली उपकरण बनाए, और ये दुनियाभर में फैल गए क्योंकि ये कारगर थे। लेकिन जब यह विरोधात्मक भाषा महिलाओं और अधिकारों के बारे में सोचने का एकमात्र तरीका बन जाती है, तो टकराव और भ्रम का सामना होता है। भारतीय संस्कृति के संदर्भ में, ऐसी द्विधाराओं का अर्थ समझना बिना मतलब का हो जाता है और स्पष्ट रूप से बेकार होता है। लेकिन फिर हमारा दृष्टिकोण और शब्दावली क्या है? दुःखद वास्तविकता यह है कि इस मूल विषय पर हमारे अपने विचार और सोच, चाहे वे विस्तृत हों, अनुभव चर्चा के अधीन कम पड़ जाते हैं। हमारे लिए शुरुआत कभी महिलाओं की शक्ति की अनुपस्थिति से नहीं हुई थी। बल्कि, इसकी विशाल उपस्थिति से थी। भारत की पवित्र भौगोलिक स्थिति का सहज अवलोकन इस बात को स्पष्ट कर देता है। हमारे शहर देवियों के शक्तिपीठों के माध्यम से मानचित्रित हैं। नदियों को माताएं माना जाता है। पहाड़, वृक्ष और गांवों के बीच के सीमाएं स्त्री देवियों द्वारा सुरक्षित हैं, जो न तो सौम्य हैं और न ही अनुकूल। वे अधिकार करती हैं, सजा देती हैं, और संरक्षण करती हैं। वे मौजूदा मान्यता की प्रतीक्षा नहीं कर रही हैं। वे स्वयं ही अधिकार रखती हैं। उदाहरण के लिए, माता काली को लें। जब उपनिवेशवादी लेखक पहली बार उनकी व्याख्या करते हैं, तो वे एक भयंकर आकृति, खून, खोपड़ी और अपने पति के ऊपर खड़ी एक काली छवि देखते हैं। वास्तव में वे एक ऐसी तत्वमीमांसा का सामना कर रहे थे जिसे वे नहीं पढ़ सकते थे। काली स्वयं पूर्ण है, वह शक्ति जिसके सामने सब कुछ विलीन हो जाता है। शिव जो उनके नीचे है, वह हार गए पुरुष नहीं है, वह ऊर्जा और शुद्ध चेतना है। यह चित्र बस इतना कहता है कि शक्ति स्त्री ही है।

प्रसिद्ध मंदिरों से हटकर स्थानीय देवी परंपराओं की दुनिया में जाएं, तो यह तर्क अनदेखा नहीं किया जा सकता है। तमिलनाडु के बड़े हिस्सों में मरीअम्मन के त्योहार, जिन्हें कुछ क्षेत्रों में कर्मा मरीअम्मन कहा जाता है, यह किसी दूरस्थ पुजारी वर्ग द्वारा नहीं किए जाते। उन्हें समुदाय स्वयं आयोजित करता है। महिलाएं आग के बर्तन लेकर चलती हैं, अंगारे पर चलती हैं, अवचेतन में जाती हैं, देवी के रूप में बोलती हैं। देवी से संवाद संस्कृत के पाठ्यक्रम में नहीं, बल्कि गर्मी, गीत, संरक्षण और बातचीत के माध्यम से होता है। ये कोई प्रतीकात्मक इशारे नहीं हैं, बल्कि ठोस भक्ति है। नृविज्ञानियों ने लंबे समय से नोट किया है, कि गांव की देवियां अपने अधिकार के रूप में कार्य करती हैं, विवाद सुलझाती हैं, क्षेत्रीय सीमाओं का निर्धारण करती हैं, और कृषि जीवन की नैतिक अर्थव्यवस्था की रक्षा करती हैं। उनके मंदिर अक्सर औपचारिक मंदिर परिसर के बाहर होते हैं, जिसे इस तरह भी कहा जाता है कि उनका अधिकार पारंपरिक नियंत्रण संरचनाओं पर निर्भर नहीं करता। दरअसल, इसे उस सामान्य तर्क से समझना मुश्किल है कि देवी पूजा केवल महिलाओं की अधीनता का सांस्कृतिक विकल्प है। लेकिन वह आलोचना कुछ संदर्भों में काम करती है, खासकर जब दैवीय स्त्रीत्व को केवल एक शांतिपूर्ण माता के रूप में देखा जाता है जो घरेलू श्रम को चुपचाप पवित्रता से करती है। फिर भी, ये उन देवियों के सामने अपर्याप्त हो जाती हैं जो अविवाहित हैं, संपूर्ण संप्रभु हैं, या यहां तक कि भयानक भी हैं।

मदुरै की मीनाक्षी देवी एक योद्धा-रानी के रूप में शासन करती हैं, जो उनके विवाह से पहले रीतियों के रूप में आयोजित होता है। कई जनजातीय परंपराओं की देवी-देवताओं को ऐसे प्रसाद स्वीकार होते हैं जो अन्य मंदिरों में नहीं होते। येल्लम्मा की पूजा कर्नाटक और महाराष्ट्र के कुछ भागों में, हाशिए पर पड़े महिलाओं के जटिल इतिहास को दर्शाता है। जो कलंक और पवित्र अधिकार के बीच समझौता करती हैं। जिसे बाद में औपनिवेशिक नैतिकता कानूनों ने बदला था। इन सभी की पूजा आज्ञाकारिता या सहयोगी भूमिका भर नहीं हैं। इसके बजाय, जो समझ विकसित होती है, वह है एक अलग तरह का सशक्तिकरण। उदारवादी ढांचे में, सशक्तिकरण का अर्थ है शिक्षा, रोजगार, और प्रतिनिधित्व। ये सभी आवश्यक हैं। लेकिन भारतीय कल्पना में शक्ति कुछ और मौलिक भी है। ज्ञान की देवी सरस्वती के रूप में स्त्री है। समृद्धि लक्ष्मी है। संकट के समय सुरक्षा के लिए दुर्गा है। ये कोई सजावटी रूपक नहीं हैं। ये समाज के अपने नैतिक और धार्मिक जीवन को संगठित करने का तरीका है।



इसी वजह से भक्ति आंदोलन भारत की नारीवादी चर्चा के लिए इतना महत्वपूर्ण है, भले ही हम इसे हमेशा ऐसा न कहें। जब अक्का महादेवी बारहवीं सदी में एक राजा की शादी से बाहर निकलीं और कहा कि उनका देवता एकमात्र सच्चा प्रिय है, तो वह सुधार की मांग भर नहीं कर रही थीं। वे संपूर्ण मध्यस्थता के ढांचे को नकार रहीं थीं, जिसने उन्हें समाज में उनकी जगह निर्धारित कर रखी थी। जब मीराबाई सार्वजनिक स्थानों पर गाती थीं, राजकीय और पारिवारिक अधिकारों को अनदेखा करते हुए, उन्होंने भक्ति को आध्यात्मिक संप्रभुता का रूप बना दिया, जो काल्पनिक शक्ति से परे थी। इस विश्व दृष्टि में एक पर्यावरणीय बुद्धिमत्ता भी मौजूद है। देवी केवल मंदिर में नहीं हैं। वह नदी, जंगल और पहाड़ हैं। नदी को प्रदूषित करना केवल पर्यावरणीय उल्लंघन नहीं है, बल्कि इसे एक पवित्र उपस्थिति के खिलाफ एक कृत्य माना जाना चाहिए।

साथ ही, उसे अपने अपने अभिलेखागार को केवल उधार ली गई श्रेणियों के माध्यम से पढ़ने से परहेज करना चाहिए। क्योंकि ऐसी जगहें हैं, जहां स्त्री कभी निष्क्रिय नहीं थी, जैसे वह मंदिर जहां ओरेकल एक महिला है, जिनके शब्द विवाद सुलझाते हैं, या वह वार्षिक उत्सव जहां जाति स्तरीकरण को संक्षिप्त रूप से स्थगित कर दिया जाता है, या वे मौखिक महाकाव्य जहां नायिका लड़ती है, प्रतिशोध लेती है और शासन करती है। ये कोई सीमांत उत्सुकताएं नहीं हैं। ये सत्ता की समान संस्थान हैं, जिन्हें आधुनिक भारत अब तक पूरी तरह से समझने में असमर्थ रहा है। आंदोलन के दिनों में, जब राजनीतिक भाषा नारी शक्ति का जिक्र करती है या जब महिलाएं, जैसे बोनालु, तेलंगाना में देवी को अपने सिरों पर लिए जुलूस निकालती हैं, तो पुरानी व्याकरण की कुछ झलक सार्वजनिक जीवन में पुनः प्रकट होती है। महिला शरीर, एक साथ, सांस्कृतिक का वाहक और सभ्यता का वाहक बन जाता है। यह कमजोरी का नहीं, बल्कि शक्ति का प्रदर्शन है। तो भारतीय नारीवाद जो कुछ भी पेश करता है, वह पश्चिमी नारीवाद का अस्वीकृति नहीं बल्कि स्वतंत्रता की कल्पना करने के अन्य तरीके हैं। यह हमेशा संरचनाओं के खिलाफ युद्ध का अर्थ नहीं रखता, बल्कि ऊर्जा का पुनः प्राप्त करने का है जो कभी पूरी तरह से खोया नहीं गया। इस तरह, देवी की संप्रभुता को महिला की नागरिकता के साथ संवाद में लाना, बिना अतीत को रूमानी किए या उसे खारिज किए। यदि वह अनुवाद सच में शुरू होता है, तो सवाल धीरे-धीरे बदल जाएगा। यह केवल इस बारे में नहीं रहेगा कि महिलाएं मौजूदा प्रणालियों के भीतर शक्ति कैसे प्राप्त करेंगी। बल्कि यह भी होगा कि एक ऐसी समाज, जिसने सदियों से स्त्री को शक्ति के रूप में जाना है, आखिरकार उसे समय के अनुसार व्यवस्थित कैसे किया जा सकता है। और ऐसा भविष्य उधार का नहीं है, बल्कि एक स्मृति का पुनः पढ़ना और उसे पहचाने का प्रयास होगा जिसे हमने अभी पूरी तरह से नहीं पढ़ा और स्वीकार किया है।

**(लेखिका जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय दिल्ली में कुलगुरु हैं)**

प्रत्यंचा तन गई

# श्रेष्ठता-विमर्श बनाम संकटग्रस्त समरसता


प्रो. आनन्द पाटील

यूजीसी विनियम 2026 के बाद सामाजिक माध्यमों पर एक विशिष्ट प्रकार का ब्राह्मण-केन्द्रित व भाजपा-विरोधी प्रवृत्तियों वाला विमर्श अत्यन्त मुखर हो उठा है। अब यह स्वर अस्थायी प्रतिक्रिया प्रतीत नहीं होता, निरन्तर प्रसारित-प्रचारित कण्टेण्ट के रूप में स्थिर होता दीख रहा है। इसकी प्रकृति पर ध्यान देने से यह स्पष्ट होता है कि वह जाति व आरक्षण के प्रश्नों को पुनः पुराने ढांचे में स्थापित करने का प्रयास कर रहा है, जिसने समाज को दीर्घावधि तक विभाजित रखा। परिणामतः सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकात्मता की दिशा में जो प्रयास हुए हैं, वे इस प्रकार की चर्चा-परिचर्चाओं के कारण पुनः प्रश्नों के घेरे में आते दिखाई दे रहे हैं। इस विमर्श में बार-बार एक ऐसी धारणा प्रस्तुत की जा रही है, जिसमें संगठन व ब्राह्मण जाति को लगभग 'पर्याय' के रूप में स्थापित करने का प्रयास दिखता है, मानो संगठन का निर्माण, संचालन और अस्तित्व मुख्यतः ब्राह्मणों के कारण ही सम्भव हुआ हो। सारतः कहना है कि ब्राह्मणों ने व्यक्तिगत जीवन, सुख-सुविधाओं और पारिवारिक आकांक्षाओं का त्याग कर हिन्दू समाज के संगठन का कार्य किया। कई स्थानों पर यह कथन इस सीमा तक जा रहा है कि यदि ब्राह्मण न होते, तो हिन्दू समाज या भारत की सांस्कृतिक संरचना ही सुरक्षित नहीं रह पाती। इस प्रकार के दावे केवल अतिशयोक्ति नहीं, सामाजिक दृष्टि से समस्याग्रस्त भी हैं, क्योंकि वे अनायास ही अन्य समुदायों के योगदान को गौण या नगण्य ठहराने लगते हैं। स्थिति अत्यधिक गम्भीर तब बनती है, जब यह विमर्श शालीन संवाद की सीमाओं को पार कर अभद्र भाषा और कटु आरोपों का रूप लेता है। विशेषतः वर्तमान राजनीतिक नेतृत्व के प्रति जिस प्रकार का रोष व्यक्त हो रहा है, वह इसे अत्यधिक उत्तेजक बना रहा है। परिणामतः सामाजिक संवाद भावनात्मक प्रतिक्रियाओं में रूपान्तरित होता दिख रहा है।

स्वाभावतः, ऐसे दावों के समानान्तर एक प्रतिवाद भी उभरता है। यदि यह कहा जाए कि संगठन का निर्माण और संचालन मुख्यतः ब्राह्मणों ने किया और उसके प्रमुख पदों पर वही आसीन हैं, तो फिर यह प्रश्न भी उठना स्वाभाविक है कि संगठन में ब्राह्मण-वर्चस्व की आलोचना को पूरी तरह निराधार कैसे कहा जा सकता है? यदि यह आलोचना असत्य है, तो संगठनात्मक संरचना में विविध सामाजिक वर्गों की भागीदारी स्पष्ट रूप से दिखाई क्यों नहीं देती? और, यदि विविधता का दावा किया जाता है, तो समरसता की चर्चा बार-बार क्यों करनी पड़ती है? वास्तव में संगठन पर दशकों से 'ब्राह्मणवाद' का आरोप रहा है। यह भी कि वह दीर्घावधि से सार्वजनिक विमर्श का हिस्सा रहा है। जब तक नेतृत्व की संरचना में व्यापक सामाजिक प्रतिनिधित्व स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देता, तब तक इस आरोप से पूर्णतः मुक्ति मिलना कठिन प्रतीत होता है। इसलिए जब यह दावा हो कि भारत की ज्ञान-परम्परा मुख्यतः ब्राह्मणों के कारण सुरक्षित रही या राष्ट्र-निर्माण का श्रेय उन्हीं को जाता है, तो इसके प्रति समाज के अन्य वर्गों में स्वाभाविक प्रतिक्रिया उत्पन्न होती है। समाज के कई हिस्सों से यह तर्क आता है कि भारत की विशाल जनता किसी एक समुदाय की बौद्धिक या नैतिक अभिरक्षा पर निर्भर नहीं रही है। भारतीय सभ्यता का निर्माण असंख्य समुदायों, परम्पराओं और श्रम-परक जीवन-पद्धतियों के सामूहिक योगदान से हुआ है। ऐसे में यदि कोई एक समुदाय अपने योगदान को सम्पूर्ण राष्ट्रीय अस्तित्व का आधार घोषित करने लगे, तो उससे सामाजिक असन्तुलन ही जन्म लेता है।

प्रसंगावधान से उल्लेखनीय है कि जातीय एकजुटता की प्रवृत्ति केवल ब्राह्मण समाज तक सीमित नहीं है। प्रायः समस्त जातियों में अपने-अपने हितों की रक्षा और उन्नति के लिए आन्तरिक एकजुटता दिखाई देती है, किन्तु जब यह प्रवृत्ति श्रेष्ठता-बोध के साथ जुड़ती है, तब वह सामाजिक तनाव का कारण बनती है। भारतीय परम्परा में 'हिन्दवः सोदराः सर्वे' का सूत्र इसी कारण महत्वपूर्ण रहा है, वह किसी एक समूह की श्रेष्ठता नहीं, अपितु सम्पूर्ण समाज की समता व बन्धुत्व की भावना को स्थापित करता है। तथ्यतः भारतीय समाज में श्रेष्ठता-बोध के कारण अनेक प्रकार के सामाजिक विभाजन उत्पन्न हुए। ऊंच-नीच, छुआछूत और सामाजिक बहिष्कार की प्रथाओं ने ही सामाजिक सुधार आन्दोलनों को जन्म दिया। जिन सुधारकों को हम आज सम्मानपूर्वक स्मरण करते हैं, उनका संघर्ष इसी असमानता के विरुद्ध था। आरक्षण की व्यवस्था भी इसी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से उत्पन्न हुई थी। यह भी असत्य नहीं कि शिक्षा के अवसर दीर्घावधि तक समाज के सीमित वर्गों तक ही उपलब्ध रहे। परिणामतः ज्ञान-परम्परा का विकास भी उन्हीं के भीतर अधिक दिखाई देता है, किन्तु यह स्थिति स्वाभाविक योग्यता का प्रमाण न होकर ऐतिहासिक अवसरों की असमानता का परिणाम भी है। आज भारतीय समाज का एक बड़ा वर्ग 'पहली पीढ़ी' के रूप में शिक्षा से जुड़ रहा है। ऐसे में, ज्ञान के आधार पर श्रेष्ठता का दावा करना न केवल सामाजिक दृष्टि से अविवेकपूर्ण है, अपितु एकात्मता की भावना को भी क्षीण करने वाला सिद्ध होता है। आरक्षण के प्रश्न पर भी जिस प्रकार की तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आती हैं, वे प्रायः समस्या की जटिलता को सरल आरोपों में बदल देती हैं। कई बार ऐसे उदाहरण दिए जाते हैं, जिनमें कम अंकों के बावजूद किसी व्यक्ति को अवसर मिल जाने की बात होती है, परन्तु इससे यह निष्कर्ष निकालना कि आरक्षण के अन्तर्गत आने वाले सभी अयोग्य हैं, तथ्यात्मक और नैतिक - दोनों दृष्टियों से अविवेकपूर्ण है। यह भी विस्मृत नहीं किया जा सकता कि आरक्षण की व्यवस्थान्तर्गत भी कुछ समूहों का वर्चस्व है। महाराष्ट्र में अनुसूचित जाति के आरक्षण का लाभ मुख्यतः महार समुदाय को अधिक मिला है, जबकि अन्य अनुसूचित जातियां अपेक्षाकृत कम लाभान्वित हुई हैं। इस प्रकार के 'पॉकेट्स' लगभग सभी आरक्षित श्रेणियों में हैं। इससे यह प्रश्न भी उठता है कि आरक्षण का लाभ समाज के भीतर अधिक व्यापक रूप से कैसे पहुंचे? इस सन्दर्भ में, तात्कालिक सुझाव यह भी आता है कि यदि एक परिवार को आरक्षण का लाभ एक बार मिल चुका हो, तो अगली पीढ़ियों में उसे सीमित किया जाए, ताकि वंचित समूहों तक अवसर का विस्तार हो सके। यद्यपि यह प्रस्ताव भी अनेक व्यावहारिक प्रश्नों को जन्म देता है। स्पष्ट है कि जातियों के भीतर बने समूहों और प्रभाव-केन्द्रों को समाप्त करना सरल नहीं है, क्योंकि प्रत्येक समुदाय के भीतर अपनी जाति के प्रति भावनात्मक जुड़ाव अत्यन्त गहरा है।

दो राय नहीं कि समस्या का समाधान किसी एक समुदाय की आलोचना या महिमामण्डन में न होकर इस स्वीकृति में है कि भारतीय समाज विविधताओं से बना है और उसकी एकता समान सम्मान और साझा सहभागिता पर ही टिक सकती है। यदि सामाजिक विमर्श श्रेष्ठता-बोध या मिथ्या ऐतिहासिक दावों के आधार पर आगे बढ़ेगा, तो वह विभाजन को ही गहरा करेगा। इसके विपरीत यदि संवाद समरसता और आत्मालोचन की दिशा में आगे बढ़े, तभी वह राष्ट्रीय एकात्मता को सुदृढ़ कर सकेगा। (क्रमशः)

**(लेखक अखिल भारतीय राष्ट्रवादी लेखक संघ के संस्थापक हैं)**

पर्व पर विशेष

# रोग-दोषों को हरण करने में समर्थ शीतला अष्टमी


मुकेश ऋषि

हिंदू धर्म में नित्य पर्वों का सिलसिला सालों भर चलता ही रहता है। हमारा भारत धर्म प्रधान देश है। धर्म-कर्म ही हमारे जीवन के कल्याण का प्रमुख आधार है। चैत्र कृष्णपक्ष की पंचमी तिथि को गुड फ्राइडे व रंगपंचमी का पर्व है। सप्तमी तिथि को भानु सप्तमी पर्व है और अष्टमी तिथि को शीतला अष्टमी पावन पर्व है। शीतला अष्टमी पावन पर्व का हमारे हिंदू धर्म में विशेष महत्व बताया गया है। इसमें नौ देवी स्वरूपों में शीतला माता का स्वरूप कल्याणप्रद व लाभकारी है। यह हर साल होली के आठवें दिन शीतला अष्टमी मनाई जाती है। इस साल शीतला अष्टमी पर्व 11 मार्च के दिन बुधवार को है। कृष्णपक्ष की इस शीतला अष्टमी को बासौड़ा और शीतलाष्टमी के नाम से भी जाना जाता है। शीतला अष्टमी के दिन घर में चूल्हा नहीं जलाया जाता है। शीतला अष्टमी का बासी भोजन ही माता को चढ़ाया जाता है और प्रसाद के रूप में ग्रहण किया जाता है। ऐसी धार्मिक मान्यता है कि इस दिन के बाद बासी भोजन नहीं ग्रहण करना चाहिए। इसलिए कि वह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार शीतला माता का स्वरूप अत्यंत शीतल है, जो रोग-दोषों का हरण करने वाली हैं। माता के हाथों में कलश, सूप, झाड़ू और नीम के पत्ते हैं और वे गधे की सवारी करती है। माना जाता है कि इस व्रत को करने से व्यक्ति को कई तरह के रोगों से मुक्ति मिलती है। शीतला अष्टमी के दिन शीतला मां का पूजन करने से चेचक, खसरा, बड़ी माता, छोटी माता जैसी बीमारियां नहीं होती हैं। अष्टमी तिथि ऋतु परिवर्तन का संकेत देती है। यही वजह है कि इस बदलाव से बचने के लिए साफ-सफाई का पूर्ण ध्यान रखना होता है। माना जाता है कि इस अष्टमी के बाद बासी खाना नहीं खाया जाता है। शीतला अष्टमी की पूजा विधि-.सबसे पहले शीतला अष्टमी के दिन सुबह जल्दी उठकर नहा लेना चाहिए।


**(लेखक स्वतंत्र रूप से लेखन करते हैं)**

छत्रपति संभाजी राव की पुण्यतिथि आज

# संप्रभुता और सनातन को समर्पित जीवन


डॉ. राघवेंद्र शर्मा

11 मार्च का वह पावन दिवस मात्र कैलेंडर की एक तिथि नहीं, बल्कि भारतीय स्वाभिमान के उस प्रखर सूर्य के महाप्रयाण का दिन है, जिसने अपने रक्त की अंतिम बूंद से राष्ट्र की अस्मिता को सींचा था। धर्मवीर छत्रपति संभाजी महाराज का जीवन उस धधकती ज्वाला के समान है, जिसने औरंगजेब के अहंकार को राख में मिला दिया और हिंदवी साम्राज्य की नींव को वज्र जैसी अडिगता प्रदान की। शिवाजी महाराज के स्वर्गारोहण के पश्चात जब चारों ओर से संकट के बादल मंडरा रहे थे और मुगलिया सल्तनत की गिद्ध जैसी दृष्टि दक्षिण भारत को निगलने के लिए आतुर थी, तब शंभू राजा ने उस प्रलयंकारी तूफान के विरुद्ध अकेले खड़े होकर वह शौर्य गाथा लिखी, जिसे सुनकर आज भी कायरों की रूह कांप जाती है। उनका संघर्ष केवल राज्य की सीमाओं को बचाने का नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति और स्वाभिमान की रक्षा का महायज्ञ था। अपने नौ वर्षों के संक्षिप्त किंतु अत्यंत तेजस्वी शासनकाल में उन्होंने मुगलों, सिद्दियों, पुर्तगालियों और अंग्रेजों जैसे शत्रुओं को एक साथ धूल चटाकर यह सिद्ध कर दिया कि शेर का शावक कभी झुकना नहीं जानता। संभाजी महाराज का जीवन प्रतिकूलताओं की उस कसौटी पर कसा गया था, जहां साधारण मनुष्य टूट जाता है, परंतु वे निखरकर कुंदन बन गए। एक ओर औरंगजेब



अपनी पूरी शक्ति, अपार धन और विशाल सेना के साथ दक्षिण को रौंदने आया था, तो दूसरी ओर स्वराज के भीतर छिपे गद्दारों और षड्यंत्रकारियों का जाल बिछा हुआ था। उन्हें अपनों के विश्वासघात और शत्रुओं के क्रूर आक्रमणों के बीच एक साथ युद्ध लड़ना पड़ा। आर्थिक तंगी, किलों की घेराबंदी और निरंतर सैन्य अभियानों के बावजूद उन्होंने एक भी किला मुगलों के हाथ नहीं लगने दिया। संभाजी महाराज ने युद्ध के मैदान में बिजली की गति से प्रहार किया और मुगलों की रसद काट दी, जिससे औरंगजेब जैसा क्रूर शासक भी वर्षों तक भटकने के लिए विवश हो गया। उनके जीवन का वह अंतिम अध्याय तो मनुष्यता के इतिहास में वीरता की पराकाष्ठा है। जब संगमेश्वर में विश्वासघात के कारण वे पकड़े गए, तो औरंगजेब ने उन्हें अपमानित करने और धर्म परिवर्तन कराने के लिए अमानवीय प्रताड़नाओं का सहारा लिया। उनकी आंखें निकाल ली गईं, जीभ काट दी गई, और खाल तक उधेड़ दी गई, किंतु उस महामानव के मुख से केवल 'नमो नमः शिवाय' और स्वधर्म के प्रति निष्ठा ही प्रकट हुई। उन्होंने मृत्यु को तो गले लगाया, लेकिन अपने स्वाभिमान और पूर्वजों के धर्म को आंच नहीं आने दी। उनकी शहादत ने पूरे महाराष्ट्र में वह ज्वाला प्रज्ज्वलित की, जिसने अंततः मुगल साम्राज्य का अंत कर दिया। संभाजी महाराज ने भारतीय इतिहास के समक्ष वह आदर्श स्थापित किया, जो सिखाता है कि राष्ट्र के लिए बलिदान होना किसी पराजय का नाम नहीं, बल्कि अमरता का मार्ग है। उन्होंने यह सिद्ध किया कि जब सिद्धांत और प्राणों के बीच चुनाव करना हो, तो सिद्धांतों के लिए प्राणों की आहुति देना ही श्रेष्ठ है। उनके जीवन दर्शन से हमें यह सीख मिलती है कि शत्रु चाहे कितना भी बलवान क्यों न हो, यदि मन में दृढ़ निश्चय और धर्म के प्रति अटूट आस्था हो, तो उसे घुटने टेकने पर मजबूर किया जा सकता है। वे केवल एक योद्धा ही नहीं, बल्कि संस्कृत के प्रकांड विद्वान और प्रजावत्सल शासक भी थे।

**(लेखक मप्र सरकार में बाल कल्याण आयोग के पूर्व अध्यक्ष हैं)**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक **''गिलेडविन मसीह''** के लिए **''बुलंद मंज़िल''** हिन्दी दैनिक ए.एच. प्रिन्टर्स, सीधी सराय, असालतपुरा मुरादाबाद मे मुद्रित कराकर कार्यालय बुलंद मंज़िल शंकर कॉलेज चौराहा, राजा मार्केट, प्रथम तल, जनपद संभल से वितरित किया गया। इस अंक में प्रकाशित समाचारों में खबरों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी०आर०वी० एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद सम्भल न्यायालय के अधीन होंगे।

**PRGI NO. - UPBIL/25/A4797- Contect No.- 8630704122**

# महिलाओं के मामलों में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त: संगीता जैन





**दैनिक बुलंद मंज़िल/ असलम सैफी जिला प्रभारी**

**अमरोहा।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या संगीता जैन ने बुधवार को विकास भवन सभागार कक्ष, जोया रोड अमरोहा में एक दिवसीय जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं की समस्याएं सुनीं। कार्यक्रम का उद्देश्य जनपद में महिला उत्पीड़न की रोकथाम करना और पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाना रहा।

जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आई 12 महिलाओं ने अपनी समस्याएं और शिकायतें आयोग की सदस्या के समक्ष प्रस्तुत कीं। श्रीमती संगीता जैन ने सभी मामलों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को इन शिकायतों का शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और पीड़ितों को न्याय दिलाना प्राथमिकता होनी चाहिए।

सदस्या ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि यदि कोई महिला अपनी शिकायत लेकर थाने पहुंचती है तो उसकी बात को पूरी संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ सुना जाए तथा आवश्यक कार्रवाई करते हुए शिकायतकर्ता को संतुष्ट किया जाए। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा और सम्मान को सुनिश्चित करना सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी है।

उन्होंने घरेलू हिंसा से संबंधित लंबित मामलों पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में पहले दोनों पक्षों को बुलाकर वन स्टॉप सेंटर और संबंधित महिला थाने में वार्ता कराई जाए, ताकि आपसी संवाद के माध्यम से विवादों का समाधान निकाला जा सके। इसके साथ ही अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण जनपद स्तर पर ही कराया जाए, जिससे पीड़ित महिलाओं को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

जैन ने यह भी निर्देश दिए कि कई मामलों में मौके पर जाकर सुलह-समझौते के आधार पर भी समाधान कराया जा सकता है। यदि किसी मामले के निस्तारण में समस्या आती है तो आवश्यकतानुसार प्रशासन का सहयोग लिया जाए, ताकि किसी भी स्तर पर लापरवाही या देरी न हो। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप महिला आयोग महिलाओं की सुरक्षा और न्याय दिलाने के लिए पूरी तरह संवेदनशील और प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम के दौरान समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें जिला प्रोबेशन अधिकारी राकेश सिंह, क्षेत्राधिकारी अंजली कटारिया, जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्ञान प्रकाश तिवारी, प्रभारी महिला थाना मीनाक्षी गुप्ता सहित जिला प्रोबेशन कार्यालय के सभी कार्मिक मौजूद रहे। अधिकारियों ने महिला आयोग की सदस्या को जनपद में महिलाओं से संबंधित मामलों की स्थिति से भी अवगत कराया।

# हर घर की होगी गिनती: अमरोहा में जनगणना को लेकर प्रशिक्षण शुरू




**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**अमरोहा ब्यूरो।** जनगणना-2027 की तैयारियों के तहत जिले में प्रशिक्षण कार्यक्रमों की शुरूआत कर दी गई है। मकानों के सूचीकरण एवं मकानों की गणना (प्रथम चरण) को सुचारु रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से जोया रोड स्थित पैनासिया कॉलेज ऑफ फैशन डिजाइन में जिला स्तरीय तीन दिवसीय फील्ड ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रथम बैच बुधवार से प्रारंभ हो गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 11 मार्च से 13 मार्च 2026 तक आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के कुल 32 फील्ड ट्रेनरों को जनगणना संबंधी विभिन्न प्रक्रियाओं और तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण का संचालन जनगणना कार्य निदेशालय लखनऊ से आए जिला प्रभारी श्री व्यास नंदन के साथ जिले के मास्टर ट्रेनर अमल यादव और आलोक कुमार द्वारा किया जा रहा है। इन प्रशिक्षकों द्वारा फील्ड ट्रेनरों को जनगणना कार्य से जुड़ी सभी आवश्यक जानकारियां, नियम, डेटा संकलन की विधि तथा सही आंकड़े जुटाने के तरीके विस्तार से समझाए जा रहे हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए उप जिलाधिकारी पुष्पकर नाथ चौधरी को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। उप जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण के दौरान फील्ड ट्रेनरों को निर्देश दिए कि वे सभी प्रशिक्षण सत्रों में समय से उपस्थित रहें और प्रशिक्षण से संबंधित किसी भी प्रकार की शंका या समस्या का तत्काल समाधान कर लें। उन्होंने कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, इसलिए इसमें संपूर्ण कवरेज और सटीक आंकड़ों का संकलन सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को मकान सूचीकरण, मकानों की गणना, डिजिटल माध्यम से डेटा संकलन, सर्वे के दौरान आने वाली संभावित समस्याओं के समाधान तथा जनगणना के दिशा-निर्देशों के बारे में विस्तार से बताया जा रहा है। साथ ही यह भी समझाया जा रहा है कि फील्ड में कार्य करते समय किस प्रकार सावधानीपूर्वक और पारदर्शी तरीके से आंकड़े एकत्रित किए जाएं।

गौरतलब है कि जनगणना-2027 दो चरणों में आयोजित की जाएगी। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य 22 मई से 20 जून 2026 तक किया जाएगा। इसके बाद दूसरे चरण में जनसंख्या गणना का कार्य किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति से संबंधित विस्तृत जानकारी दर्ज की जाएगी। यह कार्य 9 फरवरी से 28 फरवरी 2027 तक चलेगा, जबकि 1 से 5 मार्च 2027 तक पुनरीक्षण राउंड आयोजित किया जाएगा। जनगणना-2027 के लिए जिले से दो मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण पूर्व में 17 से 21 फरवरी 2026 तक मुख्यालय लखनऊ में कराया जा चुका है। अब वही मास्टर ट्रेनर जिले में फील्ड ट्रेनरों को प्रशिक्षित कर रहे हैं, ताकि जनगणना कार्य को प्रभावी और व्यवस्थित तरीके से पूरा किया जा सके।

# अमरोहा में पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर कड़ी तैयारी, 10 केंद्रों पर 18,240 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**अमरोहा ब्यूरो।** आगामी 14 और 15 मार्च को आयोजित होने वाली उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की भर्ती परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और नकलविहीन ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी संबंध में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद की मौजूदगी में समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें परीक्षा की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की जांच के लिए पुरुष और महिला स्टाफ की अलग-अलग ड्यूटी लगाई जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्र के अंदर मौजूद सभी कार्मिकों को अपना फोटोयुक्त पहचान पत्र अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करना होगा। सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक और पर्यवेक्षक निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन करते हुए परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराएं।

डीएम ने कहा कि परीक्षा की संवेदनशीलता को देखते हुए किसी भी स्तर पर शुचिता और पारदर्शिता से समझौता नहीं किया जाएगा। यदि कोई व्यक्ति परीक्षा की शुचिता भंग करने का प्रयास करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने रेलवे, रोडवेज और परिवहन विभाग को निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो और पर्याप्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।





उन्होंने बताया कि जिले में कुल 10 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिनमें 18,240 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित होगी। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा कराई जाएगी और पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती भी सुनिश्चित की गई है।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण और संवेदनशील परीक्षा है, इसलिए सभी अधिकारी और कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी गंभीरता से निभाएं। उन्होंने कहा कि परीक्षा से संबंधित जारी निर्देश पुस्तिका को ध्यानपूर्वक पढ़कर सभी अधिकारी अपने दायित्वों को समझ लें ताकि किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो।


प्रशासन ने स्पष्ट किया कि परीक्षा केंद्रों के अंदर मोबाइल फोन, यूएसबी ड्राइव, कैमरा, घड़ी, ब्लूटूथ, डिजिटल पेन, हेल्थ बैंड सहित सभी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेंगे। अभ्यर्थियों को केवल पेन, प्रवेश पत्र और पहचान पत्र के साथ ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति होगी। बैठक में अपर जिला मजिस्ट्रेट गरिमा सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक और अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# रास्ता रोककर महिला पर हमला, मारपीट कर दी जान से मारने की धमकी

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**रहरा ब्यूरो।** थाना क्षेत्र में बुधवार को एक महिला के साथ रास्ता रोककर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने चार लोगों पर लाठी-डंडों और लात-घूसों से हमला करने का आरोप लगाया है। घटना के बाद महिला ने थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव गंगवार निवासी खातून पत्नी सनाउल्लाह बुधवार दोपहर करीब 12 बजे किसी पुराने झगड़े की जानकारी देने के लिए रहरा थाने जा रही थीं। आरोप है कि जैसे ही वह छपना के पास पहुंचीं, तभी गांव के ही चार लोग अपनी-अपनी चार पहिया गाड़ियों से वहां आ पहुंचे और उनका रास्ता रोक लिया।

पीड़िता का आरोप है कि चारों आरोपियों ने गाड़ी से उतरते ही गाली-गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर लाठी-डंडों,



लात-घूसों और कड़े-पंच से मारपीट करने लगे। इस दौरान महिला को गंभीर चोटें आईं और वह मौके पर ही गिर पड़ीं। आरोप है कि हमलावरों ने उन्हें जान से मारने की कोशिश भी की और धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों की मदद से पीड़िता किसी तरह रहरा थाने पहुंचीं और पूरी घटना की लिखित शिकायत पुलिस को दी। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# गैस की कालाबाजारी पर सख्ती, शिकायत के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**दैनिक बुलंद मंज़िल/ सर्वेश यादव**

**अमरोहा।** जनपद में घरेलू एलपीजी गैस की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों के बीच जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अमरोहा में गैस की पर्याप्त उपलब्धता है और उपभोक्ताओं को घबराने की आवश्यकता नहीं है। जिला पूर्ति अधिकारी रीना कुमारी ने बताया कि पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 9 मार्च 2026 को जारी असाधारण गजट के तहत प्राकृतिक गैस आपूर्ति विनियमन आदेश, 2026 लागू किया गया है। इसके अनुपालन में जनपद की सभी गैस एजेंसियों को उपभोक्ताओं को निर्बाध रूप से 14.2 किलोग्राम घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।




उन्होंने बताया कि जनपद अमरोहा में सामान्य गैस कनेक्शन और उज्ज्वला योजना के कुल 4,57,808 उपभोक्ता हैं और वर्तमान में गैस की आपूर्ति पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर की आपूर्ति बुकिंग के बाद नियमानुसार की जा रही है। कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए गैस सिलेंडर की डिलीवरी शत-प्रतिशत ओटीपी प्रणाली के माध्यम से की जा रही है। इसके तहत बुकिंग के लगभग 25 दिनों के भीतर उपभोक्ताओं को सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है।

जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे भ्रामक खबरों और अफवाहों पर विश्वास न करें। साथ ही गैस एजेंसियों पर अनावश्यक भीड़ या लंबी कतारें लगाने से भी बचें। उपभोक्ताओं को सलाह दी गई है कि वे गैस सिलेंडर की बुकिंग नियमित प्रक्रिया के अनुसार कराएं और निर्धारित समय पर ही डिलीवरी प्राप्त करें।

जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने सभी एलपीजी विक्रय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि जनपद में गैस सिलेंडर की कालाबाजारी और जमाखोरी किसी भी हालत में न होने पाए। यदि इस प्रकार की शिकायत प्राप्त होती है तो जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गैस से संबंधित किसी भी समस्या या शिकायत के समाधान के लिए जिला पूर्ति कार्यालय में एक कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है। उपभोक्ता दूरभाष नंबर 05922-297122 पर संपर्क कर अपनी समस्या दर्ज करा सकते हैं।

# सेल्समैन पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला, गंभीर हालत में मेरठ रेफर

**दैनिक बुलंद मंजिल**

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार रात देसी शराब के सेल्समैन पर अज्ञात हमलावरों ने जानलेवा हमला कर दिया। लाठी-डंडों से किए गए इस हमले में सेल्समैन गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद मेरठ के हायर सेंटर रेफर किया गया है। पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार मोहल्ला होली वाला निवासी भरत कुमार पुत्र भूकनसरन करनखाल स्थित विवेक गुप्ता की देसी शराब की दुकान पर सेल्समैन के रूप में कार्य करते हैं। मंगलवार रात करीब 10 बजे भरत कुमार दुकान बंद कर बाइक से हसनपुर लौट रहे थे। जैसे ही



वह करनखाल गांव पार कर पुलिया के पास पहुंचे, पहले से घात लगाए बैठे दो से तीन अज्ञात हमलावरों ने उन्हें रोक लिया।

हमलावरों ने भरत कुमार पर लाठी-डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े और लहूलुहान हो गए। घटना को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए।

राहगीरों की सूचना पर परिजन और पुलिस मौके पर पहुंचे। घायल भरत कुमार को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हसनपुर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत और अधिक रक्तस्राव को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद मेरठ के हायर सेंटर रेफर कर दिया। एम्बुलेंस के जरिए उन्हें मेरठ भेजा गया, जहां उनकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि मामले में तहरीर मिल गई है। अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीमों को जांच में लगाया गया है और जल्द ही आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी।

# विपरीत दिशा से आई अग्निशमन की गाड़ी ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, तीन घायल

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**रहरा ब्यूरो।** सड़क पर लापरवाही और तेज रफ्तार एक बार फिर हादसे की वजह बन गई। मंगलवार शाम थाना रहरा क्षेत्र में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब विपरीत दिशा से आ रही अग्निशमन की गाड़ी ने एक बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए, जिन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव ओगपुरा निवासी रघुवीर सिंह (रोजगार



घायल को उठाकर इलाज के लिए ले जाते हुए लोग

सेवक), हरिराज सिंह और मास्टर हुक्म सिंह मंगलवार की शाम करीब सात बजे संभल जिले के गांव सीकदरपुर में एक शोक सभा में शामिल होकर बाइक से वापस लौट रहे थे। बताया जाता है कि जैसे ही वे नया थाना रहरा के पास पहुंचे, तभी हसनपुर की ओर से विपरीत दिशा में आ रही अग्निशमन की गाड़ी ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार तीनों लोग सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों की मदद से घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रहरा पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों का आरोप है कि अग्निशमन का चालक नशे की हालत में वाहन चला रहा था और गाड़ी भी गलत दिशा से आ रही थी, जिसके कारण यह हादसा हुआ। हालांकि अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है।

घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# गंगाजल छिड़कते ही बेहोश हुआ मुंशी, साधु बनकर आए ठग 10 हजार लेकर फरार

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**रहरा ब्यूरो।** थाना क्षेत्र में अजीबोगरीब तरीके से ठगी का मामला सामने आया है। गांव छपना में स्थित एक ईंट भट्ठे पर मुंशी के साथ साधु बनकर आए लोगों ने कथित रूप से गंगाजल छिड़ककर उसे बेहोश कर दिया और नकदी लेकर फरार हो गए। मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव फूलपुर निवासी मनोज शर्मा गांव छपना में स्थित एक ईंट भट्ठे पर मुंशी का काम संभालते हैं। पीड़ित मनोज शर्मा ने बताया कि बुधवार दोपहर करीब 12 बजे एक ऑटो कार में सवार होकर चार से पांच साधु-संत भट्ठे पर पहुंचे। उन्होंने खुद को तांत्रिक विद्या जानने वाला बताते हुए मनोज शर्मा से बातचीत



ईंट भट्ठे पर मुंशी के साथ हुई घटना की जानकारी करती हुई पुलिस

शुरू कर दी। बातचीत के दौरान उन्होंने तंत्र-मंत्र और साधना से जुड़ी कई बातें बताईं और मनोज शर्मा को अपने प्रभाव में ले लिया। पीड़ित के मुताबिक साधुओं ने अचानक उसके ऊपर गंगाजल छिड़क दिया। गंगाजल छिड़कते ही वह बेहोश होकर गिर पड़ा। कुछ समय बाद जब उसे होश आया तो उसने देखा कि उसकी जेब में रखे करीब 10 हजार रुपये गायब थे और साधु-संत मौके से फरार हो चुके थे। घटना के बाद मनोज शर्मा ने तुरंत मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही रहरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ईंट भट्ठे पर पहुंचकर घटना की जानकारी जुटाई। पुलिस ने आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ भी की और मामले की जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष बृजेश कुमार का कहना है कि मामला जानकारी में नहीं है।

# कॉलेज के पास होटल संचालन से बिगड़ रहा माहौल, लोगों ने उठाई आवाज

**दैनिक बुलंद मंज़िल**
**हसनपुर ब्यूरो।** नगर में आबादी के बीच संचालित एक होटल को लेकर स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। लोगों का आरोप है कि इस होटल के कारण क्षेत्र का माहौल लगातार खराब हो रहा है और आसपास रहने वाले परिवारों तथा डिग्री कॉलेज आने-जाने वाली छात्राओं को भी असहज स्थिति का सामना करना पड़ रहा है।




बताया जा रहा है कि उक्त होटल घनी आबादी के बीच संचालित हो रहा है और उससे कुछ ही दूरी पर एक डिग्री कॉलेज भी स्थित है। कॉलेज में पढ़ने वाली छात्राएं रोजाना इसी रास्ते से होकर गुजरती हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि होटल में आने-जाने वाले संदिग्ध लोगों की वजह से छात्राओं को असहजता और परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार अभिभावकों ने भी इस स्थिति पर चिंता जताई है। क्षेत्र के निवासियों का आरोप है कि होटल में अक्सर युवक-युवतियों का आना-जाना लगा रहता है, जिनमें कुछ नाबालिग होने की भी आशंका जताई जा रही है। लोगों का कहना है कि इस तरह की गतिविधियों से क्षेत्र का सामाजिक माहौल खराब हो रहा है और बच्चों तथा युवाओं पर भी इसका गलत प्रभाव पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस संबंध में कई बार प्रशासन और संबंधित विभागों से शिकायत भी की जा चुकी है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। लोगों का कहना है कि होटल अवैध तरीके से संचालित हो रहा है और नियमों का पालन भी नहीं किया जा रहा है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से कोई सख्त कदम नहीं उठाया जा रहा। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही इस होटल के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो वे सामूहिक रूप से जिला स्तर पर अधिकारियों से शिकायत करेंगे। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि आबादी के बीच इस तरह के होटलों की जांच कराई जाए और यदि कोई अनियमितता पाई जाती है तो तत्काल कार्रवाई की जाए, ताकि क्षेत्र का माहौल सुरक्षित और बेहतर बनाया जा सके। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि प्रशासन को छात्राओं की सुरक्षा और क्षेत्र की सामाजिक व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द इस मामले का संज्ञान लेना चाहिए।

# नो स्मोकिंग डे पर सीएचसी हसनपुर में जागरूकता कार्यक्रम, धूम्रपान न करने की दिलाई शपथ

**दैनिक बुलन्द मंजिल**
**हसनपुर।** नो स्मोकिंग डे के अवसर पर बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तंबाकू और धूम्रपान के दुष्प्रभावों को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएचसी प्रभारी डॉ. ध्रुवेंद्र सिंह ने की। इस दौरान अस्पताल स्टाफ तथा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. ध्रुवेंद्र सिंह ने धूम्रपान और तंबाकू सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तंबाकू का सेवन न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि उसके परिवार और समाज पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है। तंबाकू के कारण कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों की बीमारियां और कई अन्य घातक रोग होने की आशंका बढ़ जाती है।

उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे नशे की लत से दूर रहें और अपने जीवन को स्वस्थ एवं सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ और मजबूत राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इसलिए उन्हें तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थों से दूरी बनाकर रखनी चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. ध्रुवेंद्र सिंह ने सभी उपस्थित लोगों को जीवनभर धूम्रपान न करने तथा दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि दृढ़ संकल्प, परिवार के सहयोग और सही मार्गदर्शन से किसी भी बुरी लत को आसानी से छोड़ा जा सकता है। इस अवसर पर डॉ. मुदित गौतम, डॉ. प्रियंका, मनोज जोशी, सनी सहित अस्पताल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम का समापन तंबाकू को कहें ना, स्वस्थ जीवन को कहें हाँ के संदेश के साथ किया गया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, चचेरा भाई घायल; परिवार में मचा कोहराम

**दैनिक बुलंद मंज़िल**
**आदमपुर ब्यूरो।** थाना क्षेत्र में मंगलवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसका चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव सांथलपुर बीच की मढैय्या निवासी अजब सिंह का 22 वर्षीय पुत्र टीटू मंगलवार रात अपने चचेरे भाई सनी पुत्र केहर सिंह के साथ बाइक से क्षेत्र के गांव निरयावली से अपने घर लौट रहा था। दोनों युवक देर रात घर की ओर जा रहे थे। बताया जाता है कि जैसे ही उनकी बाइक भीमा सुल्तानपुर


मृतक टीटू का फाइल फोटो



गांव के समीप पहुंची, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई और दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों और आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल हसनपुर नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां मौजूद चिकित्सकों ने जांच के बाद टीटू को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल सनी की हालत चिंताजनक देखते हुए उसे बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर संभल रेफर कर दिया गया।

युवक की मौत की खबर मिलते ही उसके घर में मातम छा गया। माता मुनेश देवी सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों के अनुसार टीटू चार भाई-बहनों में सबसे बड़ा था और अभी अविवाहित था। वह मेहनत-मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था और घर की जिम्मेदारियां धीरे-धीरे उसके कंधों पर आ रही थीं। अचानक हुए इस हादसे ने परिवार की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। घटना की सूचना मिलते ही आदमपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से अज्ञात वाहन की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों से तहरीर मिलने के बाद अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# राम मंदिर के ऐतिहासिक कार्यक्रम में शामिल होंगे महिपाल सिंह, ट्रस्ट ने भेजा विशेष निमंत्रण

**दैनिक बुलन्द मंजिल**
**हसनपुर ब्यूरो।** अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में आगामी 19 मार्च को आयोजित होने वाले विशेष कार्यक्रम में शामिल होने के लिए क्षेत्र के महिपाल सिंह को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से औपचारिक निमंत्रण भेजा गया है। यह कार्यक्रम चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, अर्थात वैदिक पंचांग के अनुसार भारतीय नववर्ष के अवसर पर आयोजित किया जाएगा, जिसमें महामहिम राष्ट्रपति का आगमन भी सुनिश्चित बताया गया है।

ट्रस्ट की ओर से भेजे गए पत्र में अध्यक्ष स्वामी गोविंददेव गिरी और महासचिव चम्पत राय के हस्ताक्षर हैं। पत्र में महिपाल सिंह को संबोधित करते हुए



कहा गया है कि उन्होंने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, इसलिए इस ऐतिहासिक अवसर पर उनकी उपस्थिति अपेक्षित है।

निमंत्रण पत्र में बताया गया है कि कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उन्हें 18 मार्च की रात्रि तक अयोध्या पहुंचने का अनुरोध किया गया है, जिससे कार्यक्रम में शामिल होने में सुविधा रहे। 19 मार्च को सायंकाल आयोजित कार्यक्रम के पश्चात अथवा 20 मार्च की प्रातःकाल अपने गंतव्य के लिए प्रस्थान किया जा सकता है।

ट्रस्ट की ओर से यह भी स्पष्ट किया गया है कि अयोध्या में आगंतुकों के लिए निवास, भोजन और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं मंदिर ट्रस्ट द्वारा की जाएंगी। वहीं, अपने स्थान से अयोध्या आने और वापस लौटने के लिए यात्रा टिकट स्वयं को शीघ्र बनवाने का अनुरोध किया गया है। इस निमंत्रण को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और इसे धार्मिक आस्था के साथ-साथ क्षेत्र के लिए सम्मान की बात माना जा रहा है।

# जियोटैगिंग के दौरान बवाल: पंचायत सचिव से बदसलूकी, जातिसूचक शब्दों का आरोप

**दैनिक बुलन्द मंजिल**
**गजरौला ब्यूरो।** थाना क्षेत्र में सरकारी कार्य के दौरान ग्राम पंचायत सचिव के साथ अभद्रता, धक्का-मुक्की और जातिसूचक शब्द कहने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम फौन्दापुर निवासी राजपाल सिंह पुत्र घासीराम, जो विकास खंड गजरौला में ग्राम पंचायत अधिकारी के पद पर तैनात हैं और वर्तमान में ग्राम पंचायत बसैली में सचिव के रूप में कार्यरत हैं, ने बताया कि वह बुधवार को दोपहर करीब 2:14 बजे सरकारी कार्य से बसैली गांव पहुंचे थे। वहां वह मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थी भूरे खां पुत्र तौसीफ के आवास की जियोटैगिंग करने गए थे।

आरोप है कि जियोटैगिंग के दौरान मौके पर मौजूद लाभार्थी के भाई कलुवा पुत्र तौसीफ से जब उन्होंने आवास का निर्माण कार्य जल्द पूरा कराने का अनुरोध किया, तो उसने साफ इनकार कर दिया और सरकार के बारे में अपशब्द कहने लगा। सचिव द्वारा इसका विरोध करने पर कलुवा कथित तौर पर आक्रोशित हो गया और अपने दो बेटों के साथ मिलकर उनके साथ अभद्रता करने लगा।

पीड़ित का आरोप है कि तीनों ने उन्हें घेर लिया और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए धक्का-मुक्की की। इतना ही नहीं, उनके पास मौजूद सरकारी कागजात भी छीनकर फाड़ दिए गए। सचिव के साथ मौजूद एक युवक जब मोबाइल से घटना का वीडियो बना रहा था, तो आरोपियों ने उसका मोबाइल भी छीन लिया।

राजपाल सिंह का कहना है कि आरोपियों ने उन्हें धमकी दी कि यदि पुलिस में शिकायत की तो उनके खिलाफ छेड़छाड़ का झूठा मुकदमा दर्ज करा देंगे। किसी तरह मौके से निकलकर वह विकास खंड कार्यालय गजरौला पहुंचे और घटना की जानकारी अधिकारियों को दी। पीड़ित ने आशंका जताई है कि आरोपी भविष्य में उनके साथ किसी भी प्रकार की अनहोनी कर सकते हैं। उन्होंने थाना गजरौला में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा, अभद्रता, जातिसूचक टिप्पणी और धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# कई साल पुराने मुकदमे का वारंटी सैदनगली पुलिस ने दबोचा

**दैनिक बुलंद मंज़िल**
**सैद नगली ब्यूरो।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सैद नगली पुलिस को एक और सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने लंबे समय से वांछित चल रहे एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देशन में जनपद भर में अपराधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी हसनपुर पंकज




कुमार त्यागी के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष सैदनगली के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त जसमाल सिंह पुत्र रामप्रसाद निवासी मोहल्ला मंसूरपुर कस्बा उझारी थाना सैदनगली जनपद अमरोहा का रहने वाला है। उसके खिलाफ मुकदमा संख्या 3088/2021, अपराध संख्या 332/2014 में धारा 279, 338, 304-ए और 427 भारतीय दंड संहिता के तहत मामला दर्ज है। इस मामले में न्यायालय द्वारा उसके खिलाफ वारंट जारी किया गया था, जिसके बाद से वह पुलिस की नजर में था। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। पुलिस का कहना है कि अपराधियों के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# कानून व्यवस्था बिगाड़ने से पहले ही पुलिस का एक्शन, आरोपी गिरफ्तार

**दैनिक बुलंद मंज़िल/**
**जितेंद्र यादव**
**अमरोहा।** शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत अमरोहा देहात पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस के अनुसार आरोपी को शांति भंग की आशंका के चलते निरोधात्मक कार्रवाई के तहत पकड़ा गया। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए



लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी नौगांवा सादात अवधभान सिंह भदौरिया एवं थाना प्रभारी निरीक्षक अमरोहा देहात शोकेन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त की पहचान अहसान पुत्र छिद्धू निवासी ग्राम पिलक सराय थाना अमरोहा देहात जनपद अमरोहा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार उक्त व्यक्ति के खिलाफ शांति भंग की आशंका के चलते कार्रवाई की गई और उसे संबंधित धाराओं 170/126/135 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# अपराधियों पर सख्ती: सैद नगली पुलिस ने वांछित आरोपी पकड़ा

**दैनिक बुलंद मंज़िल**
**सैद नगली ब्यूरो।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सैद नगली पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देश पर जनपद में अपराध नियंत्रण और अपराधियों की धरपकड़ के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी हसनपुर पंकज कुमार त्यागी के निकट पर्यवेक्षण में थाना सैद



नगली पुलिस टीम सक्रिय रूप से कार्रवाई कर रही है। थानाध्यक्ष सैद नगली के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त की पहचान दीपांशु पुत्र गजेन्द्र निवासी ग्राम कुन्दरकी भूड थाना सैद नगली जनपद अमरोहा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त के विरुद्ध थाना सैदनगली में मु०अ०सं० 70/26 धारा 305/317 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज है और वह मामले में वांछित चल रहा था। पुलिस टीम ने अभियुक्त की तलाश के दौरान उसे गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से आगे की विधिक प्रक्रिया अमल में लाई गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

CMYK

# परीक्षा के कारण बदलेगा अमरोहा का ट्रैफिक सिस्टम, भारी वाहनों पर रहेगा प्रतिबंध

**दैनिक बुलन्द मंजिल / असलम सैफी जिला प्रभारी**


अमित कुमार आनंद पुलिस अधीक्षक अमरोहा

**अमरोहा।** आगामी 14 एवं 15 मार्च को आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती परीक्षा को देखते हुए जनपद में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस द्वारा विशेष एडवाइजरी जारी की गई है। परीक्षा के दौरान शहर में बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों के आने की संभावना को देखते हुए कई मार्गों पर वाहनों के लिए डायवर्जन लागू रहेगा। जारी ट्रैफिक प्लान के अनुसार अमरोहा से मुरादाबाद जाने वाले वाहन नंदन स्वीट्स से कैलसा बाईपास होते हुए पाकबाड़ा के रास्ते मुरादाबाद जाएंगे। वहीं नौगांवा से अमरोहा और मुरादाबाद जाने वाले वाहन यहियापुर बाईपास से होकर अपने गंतव्य तक पहुंचेंगे। नौगांवा से दिल्ली जाने वाले वाहनों को रज्जाकपुर बाईपास से धनौरा बाईपास होते हुए अतरासी चौकी हाईवे की ओर भेजा जाएगा। अतरासी चौकी हाईवे से अमरोहा आने वाले वाहनों को आरटीओ से कल्याणपुरा रोड, बम्बूगढ़, काकरसराय, काठ रोड और माया धर्मकांटा होते हुए शहर में प्रवेश कराया जाएगा। इसी तरह शहर के अंदर से जोया, मुरादाबाद या दिल्ली की ओर जाने वाले वाहन काकरसराय से बम्बूगढ़ होते हुए जोया हाईवे की ओर जाएंगे। शहर से नौगांवा जाने वाले वाहनों को नंदन स्वीट्स से माया धर्मकांटा होते हुए काठ रोड के रास्ते भेजा जाएगा। जोया से अमरोहा आने वाले वाहन बम्बूगढ़ और काकरसराय से होते हुए माया धर्मकांटा या कैलसा रोड से शहर में प्रवेश करेंगे। इसके अलावा नंदन स्वीट्स से गांधी मूर्ति की ओर किसी भी ई-रिक्शा या ऑटो को आने की अनुमति नहीं होगी। सभी ई-रिक्शा और ऑटो को कैलसा बाईपास और काठ रोड से होकर अपने गंतव्य तक जाने के निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा के मद्देनजर बाहर से आने वाले परीक्षार्थियों के वाहनों की पार्किंग की विशेष व्यवस्था की गई है। जीआईसी कॉलेज के परीक्षार्थियों के वाहन टीपी नगर पुल के नीचे दोनों ओर पार्क होंगे, जबकि कुंदन इंटर कॉलेज के वाहनों की पार्किंग विद्यालय परिसर में होगी। जेआईसी कॉलेज के लिए रेलवे माल गोदाम के खाली मैदान में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। वहीं आईएम इंटर कॉलेज, जेएस हिंदू डिग्री कॉलेज और जेएस हिंदू इंटर कॉलेज के परीक्षार्थियों के वाहन रामलीला ग्राउंड में पार्क किए जाएंगे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बम्बूगढ़ से 77 रिगल होटल तक सभी प्रकार के भारी और मालवाहक वाहन तथा ट्रैक्टर-ट्रॉली पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेंगे। पुलिस प्रशासन ने शहरवासियों से अपील की है कि परीक्षा के दौरान यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए शहर के बाहरी मार्गों का प्रयोग करें और प्रशासन का सहयोग करें।

# साइबर ठगी के शिकार युवक को मिली राहत, पुलिस ने वापस कराए 18 हजार रुपये

**दैनिक बुलंद मंज़िल**




**रजबपुर ब्यूरो।** जनपद में साइबर ठगी के एक मामले में पुलिस की त्वरित कार्रवाई से पीड़ित को बड़ी राहत मिली है। थाना रजबपुर की साइबर सेल टीम ने ठगी का शिकार हुए युवक के बैंक खाते में 18 हजार रुपये वापस कराए, जिसके बाद पीड़ित ने अमरोहा पुलिस का आभार व्यक्त किया। जानकारी के अनुसार थाना रजबपुर क्षेत्र के ग्राम पीठखेड़ा निवासी अमित शर्मा पुत्र सुखपाल शर्मा के बैंक खाते से अज्ञात व्यक्ति ने धोखाधड़ी कर 18 हजार रुपये ट्रांसफर कर लिए थे। इस संबंध में अमित शर्मा ने दिनांक 08 मार्च को राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने थाना रजबपुर की साइबर सेल टीम को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी अमरोहा नगर के नेतृत्व में साइबर सेल टीम ने मामले की जांच शुरू की और तकनीकी सहायता के माध्यम से संबंधित बैंकिंग प्रक्रिया को ट्रेस करते हुए ठगी की गई धनराशि को रिकवर करने की कार्रवाई की। साइबर सेल की सक्रियता और त्वरित प्रयासों के चलते ठगी की गई पूरी 18 हजार रुपये की राशि पीड़ित अमित शर्मा के बैंक खाते में वापस करा दी गई। अपने खाते में धनराशि वापस मिलने पर पीड़ित ने खुशी जताते हुए थाना रजबपुर पहुंचकर अमरोहा पुलिस का धन्यवाद किया और साइबर सेल टीम की सराहना की। इस अवसर पर अमरोहा पुलिस ने आम जनमानस से अपील करते हुए कहा कि बैंक खाते से जुड़ी किसी भी प्रकार की गोपनीय जानकारी, जैसे ओटीपी, पासवर्ड या बैंक डिटेल्स किसी के साथ साझा न करें। साथ ही किसी भी अज्ञात लिंक, लुभावने ऑफर या संदिग्ध एप्लीकेशन पर बिना जांच-पड़ताल के भुगतान करने से बचें, क्योंकि यह साइबर ठगी का तरीका हो सकता है। पुलिस ने लोगों से स्वयं जागरूक रहने और आसपास के लोगों को भी साइबर अपराधों के प्रति सतर्क करने की अपील की है, ताकि किसी के साथ ऐसी धोखाधड़ी न हो सके।

# चार वर्षीय मासूम से दुष्कर्म का आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार

**दैनिक बुलंद मंज़िल**




**मंडी धनौरा ब्यूरो।** थाना क्षेत्र में चार वर्षीय मासूम बच्ची से दुष्कर्म के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।
पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देश पर जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग तथा वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी मंडी धनौरा अंजली कटारिया के निकट पर्यवेक्षण में थाना मंडी धनौरा पुलिस ने यह कार्रवाई की है। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक नीरज कुमार और पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर शेरपुर रोड स्थित भारत पेट्रोल पंप से कुछ दूरी पहले सड़क किनारे से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान धर्मपाल पुत्र मोहन निवासी मोहल्ला शिवपुरी कस्बा व थाना मंडी धनौरा जिला अमरोहा के रूप में हुई है। उसका स्थायी पता ग्राम शहवाजपुर की मढैय्या थाना मंडी धनौरा बताया गया है। पुलिस के अनुसार 10 मार्च को थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला ने थाना मंडी धनौरा में लिखित तहरीर देकर आरोप लगाया था कि धर्मपाल ने उसकी चार वर्षीय पुत्री के साथ दुष्कर्म किया है। पीड़िता की मां की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 086/2026 धारा 65(2) बीएनएस तथा 5(र)/6 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत आरोपी की तलाश शुरू कर दी और संभावित ठिकानों पर दबिश दी। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने आरोपी को शेरपुर रोड से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर समय से संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# डिजिटल पुलिसिंग की दिशा में बड़ा कदम, 400 पुलिसकर्मियों को मिला कम्प्यूटर प्रशिक्षण

**दैनिक बुलंद मंज़िल/ असलम सैफी जिला प्रभारी**





**अमरोहा।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन में जनपद पुलिस को आधुनिक तकनीक के अनुरूप दक्ष बनाने के उद्देश्य से आयोजित बेसिक कम्प्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आर.टी.सी. सेंटर डिडौली में 7 मार्च से 11 मार्च तक आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद अमरोहा के 200 रिक्रूट आरक्षियों तथा थानों और कार्यालयों में तैनात 200 पुलिस कर्मियों सहित कुल 400 पुलिसकर्मियों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को कम्प्यूटर के आधारभूत संचालन, एमएस वर्ड, एमएस एक्सेल, इंटरनेट और ई-मेल के उपयोग की जानकारी दी गई। इसके साथ ही विभिन्न ऑनलाइन पोर्टल्स के संचालन तथा पुलिस विभाग में उपयोग होने वाले डिजिटल प्लेटफॉर्म के बारे में भी व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने वाले सभी 400 पुलिसकर्मियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। अधिकारियों ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य पुलिसकर्मियों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाना है, ताकि वे डिजिटल माध्यमों का बेहतर उपयोग कर सकें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि डिजिटल पुलिसिंग के इस दौर में तकनीकी दक्षता बेहद आवश्यक है। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों से पुलिसकर्मी आधुनिक तकनीक से जुड़कर अपने कार्यों को अधिक तेजी और प्रभावी ढंग से कर सकेंगे। इससे आमजन से जुड़े मामलों के निस्तारण में भी तेजी आएगी और पुलिस की कार्यप्रणाली और अधिक पारदर्शी व प्रभावशाली बनेगी।

# मंदिर में चोरी से ग्रामीणों में रोष, दानपात्र से उड़ा डेढ़ लाख का चढ़ावा

**दैनिक बुलंद मंज़िल**






**ढबारसी ब्यूरो।** थाना क्षेत्र में स्थित चामुंडा मंदिर में अज्ञात चोरों ने देर रात चोरी की वारदात को अंजाम देकर मंदिर का दानपात्र तोड़ डाला और उसमें रखी नकदी लेकर फरार हो गए। घटना से गांव में आक्रोश और चिंता का माहौल है। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।
प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना आदमपुर क्षेत्र के ग्राम गारवपुर उर्फ रुस्तमपुर निवासी धर्मपाल सिंह पुत्र करिया सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके गांव में स्थित प्राचीन चामुंडा मंदिर में 10 और 11 मार्च की रात अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने मंदिर में रखे लोहे के दानपात्र को तोड़ दिया और उसमें रखी नकदी लेकर फरार हो गए। बताया जा रहा है कि दानपात्र में श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाया गया लगभग डेढ़ लाख रुपये से अधिक का चढ़ावा रखा हुआ था, जिसे चोर अपने साथ ले गए।
सुबह जब ग्रामीण मंदिर में पूजा करने पहुंचे तो दानपात्र टूटा हुआ देखकर सभी हैरान रह गए। घटना की सूचना तुरंत गांव के लोगों को दी गई, जिसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मंदिर परिसर में एकत्र हो गए। ग्रामीणों ने इस घटना पर नाराजगी जताते हुए पुलिस से जल्द से जल्द चोरी का खुलासा करने और आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है।
सूचना मिलने पर थाना आदमपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से भी पूछताछ की और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है तथा आसपास के क्षेत्रों में संदिग्ध लोगों की तलाश की जा रही है। साथ ही यह भी देखा जा रहा है कि आसपास कहीं सीसीटीवी कैमरे लगे हैं या नहीं, ताकि चोरों तक पहुंचा जा सके।
ग्रामीणों का कहना है कि मंदिर में समय-समय पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं और दानपात्र में चढ़ावा चढ़ाते हैं। ऐसे में दानपात्र से इतनी बड़ी रकम चोरी होना चिंता का विषय है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और जल्द ही घटना का खुलासा करने का दावा कर रही है।

# कानून से भाग रहा वारंटी आखिर पुलिस के हत्थे चढ़ा

**दैनिक बुलंद मंज़िल / जितेंद्र यादव**



**अमरोहा।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देशन में जनपद में वांछित और वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना अमरोहा देहात पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस टीम ने एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।जानकारी के अनुसार अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया के निकट पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी नौगांवा सादात अवधभान सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक शोकेन्द्र सिंह के नेतृत्व में थाना अमरोहा देहात पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए वारंटी अभियुक्त गजेन्द्र सिंह पुत्र रमेश सिंह निवासी ग्राम बुड़ेरना थाना अमरोहा देहात को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ माननीय न्यायालय में मामला विचाराधीन था और उसके विरुद्ध वारंट जारी किया गया था। पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए उसे पकड़ लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की उम्र करीब 30 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद अभियुक्त को माननीय न्यायालय, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अमरोहा के समक्ष पेश कर दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जनपद में अपराधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर ऐसे वारंटी और वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी की जा रही है, जिससे कानून व्यवस्था को मजबूत किया जा सके।

# आगामी लोक अदालत को सफल बनाने के लिए प्रचार वाहन का जनपद न्यायाधीश ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**दैनिक बुलंद मंजिल / ब्यूरो चीफ विनय कुमार राठौर**



**चन्दौसी।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 14मार्च 2026 के व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार हेतु जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संभल स्थित चंदौसी डॉ विदुषी सिंह द्वारा प्रचार वाहन को बुधवार को प्रातः 10:00 बजे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। प्रचार वाहन को समस्त आवासीय क्षेत्रों में घुमाया जायेगा, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में 14 मार्च 2026 को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार-प्रसार हो सके। उक्त अवसर पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चन्दौसी सम्भल स्थित चन्दौसी आरती फौजदार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चन्दौसी / विशेष न्यायाधीश एस.सी. / एस.टी. एक्ट सम्भल स्थित चन्दौसी रागिनि, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट संभल स्थित चंदौसी अवधेश कुमार सिंह, प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण / मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, संभल स्थित चंदौसी, दीपक कुमार जायसवाल, सिविल जज (सी.डि.) / ए.सी.जे.एम. सम्भल स्थित चन्दौसी आदित्य सिंह, सिविल जज (सी. डि.)/ए.सी.जे.एम. चन्दौसी सम्भल स्थित चन्दौसी पराग यादव, ए.सी.जे.एम. चन्दौसी सम्भल स्थित चन्दौसी नावेद अख्तर, सिविल जज (जू.डि.) सम्भल स्थित चंदौसी, दिव्या गर्ग, न्यायिक मजिस्ट्रेट, सम्भल स्थित चंदौसी, दिव्या चिंडालिया, एवं बार एसोसिएशन चंदौसी के अध्यक्ष विनोद सिंह एवं सचिव तीरथ यादव आदि उपस्थित रहे।

# बदायूं में फील्ड ऑफिसर से 1.40 लाख की लूट, पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की

**दैनिक बुलंद मंज़िल / अजयपाल यादव बदायूं**



**सहसवान, बदायूं।** जनपद के मुजरिया थाना क्षेत्र में फील्ड ऑफिसर से लूट के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। तीन अज्ञात बदमाशों ने रास्ते में रोककर उससे एक लाख से अधिक की नगदी छीन ली थी और फरार हो गए थे। जानकारी के अनुसार शाहजहांपुर जनपद के थाना परौर क्षेत्र के ग्राम दहलिया निवासी अभिनव मिश्रा पुत्र मुरलीधर सहसवान स्थित शिखा अर्बन एंड रूरल इंटरप्राइजेज कंपनी में फील्ड ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 10 मार्च 2026 को वह कंपनी के सदस्यों से कुल 1,40,640 रुपये की नगद रिकवरी कर सहसवान स्थित अपने कार्यालय लौट रहे थे।बताया गया कि रात करीब 8 बजे वह दरियापुर-कोल्हाई मार्ग पर दरियापुर गांव के खंडजा रास्ते से गुजर रहे थे। तभी पहले से मोटरसाइकिल पर खड़े तीन अज्ञात बदमाशों ने उन्हें रोक लिया और उनकी जेब में रखी 1,40,640 रुपये की नकदी निकालकर कोल्हाई की दिशा में भाग गए। विरोध करने पर बदमाशों ने उनका मोबाइल फोन भी तोड़ दिया। पीड़ित ने बताया कि वह अंतिम रिकवरी गांव सराय मंसुख से करने के बाद कार्यालय लौट रहे थे। घटना के बाद उन्होंने अपने मैनेजर को फोन से पूरी जानकारी दी, जो कुछ देर में मौके पर पहुंच गए।
इस मामले में थाना मुजरिया पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में जांच-पड़ताल कर रही है।

# कॉलेजों में लंबित छात्रवृत्ति आवेदनों पर डीएम सख्त, तत्काल निस्तारण के दिए निर्देश







**बुलन्द मंज़िल ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शिक्षण संस्थानों में लंबित छात्रवृत्ति आवेदनों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के विभिन्न कॉलेजों में छात्रवृत्ति के आवेदन लंबित रहने से जिले की रैंकिंग प्रभावित हो रही है। इस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए सभी संस्थानों को लंबित आवेदनों को तत्काल अग्रसारित करने के निर्देश दिए जिलाधिकारी ने कहा कि अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग के जिन छात्र-छात्राओं के आवेदन समय रहते अग्रसारित नहीं किए गए हैं, उनसे वार्ता कर कारण जाना जाए। बार-बार रिमाइंडर भेजने के बावजूद आवेदन लंबित रखने पर उन्होंने डिग्री कॉलेजों की कार्यप्रणाली पर असंतोष जताते हुए कहा कि छात्रों के भविष्य के साथ किसी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि जिन छात्र-छात्राओं के आवेदन अग्रसारित नहीं किए गए हैं, उनसे बातचीत कर उनके बयान भी दर्ज किए जाएं। जिन कॉलेजों में बड़ी संख्या में छात्रवृत्ति आवेदन लंबित पाए जाएंगे, उनकी मान्यता रद्द करने के लिए भी पत्र भेजने की कार्रवाई की जाएगी जिलाधिकारी ने सुखदेई स्मारक महाविद्यालय ठाकुरद्वारा, महावीर कॉलेज वीजना, आईएफटीएम, केजीके कॉलेज, टीएमयू, अभय शिक्षा निकेतन कन्या कॉलेज, हैबिट मुस्लिम कॉलेज, जेएम पब्लिक कॉलेज, बंशी सिंह मेमोरियल कॉलेज, मुरादाबाद मुस्लिम डिग्री कॉलेज तथा हरि मंगल विद्यालय सहित अन्य संस्थानों को निर्देश दिए कि छात्रवृत्ति आवेदनों की सभी पेंडेंसी तत्काल समाप्त कर शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक और विभिन्न कॉलेजों के प्रबंधक व प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति फेज-5 के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक, सुरक्षा और अधिकारों की दी जानकारी

### पुलिस की पाठशाला व चौपाल के माध्यम से महिलाओं और छात्राओं को हेल्पलाइन नंबर व कानूनों की जानकारी





**बुलन्द मंज़िल संवाददाता**

**मुरादाबाद, 11 मार्च।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण में जनपद मुरादाबाद में मिशन शक्ति फेज-5 के तहत महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया बुधवार को महिला सुरक्षा दल द्वारा विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं और छात्राओं को उनके अधिकारों व सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण कानूनों की जानकारी दी गई। इस दौरान घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह प्रतिषेध और महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध होने वाले अपराधों के बारे में विस्तार से बताया गया पुलिस टीम ने महिलाओं को किसी भी प्रकार की परेशानी या हिंसा की स्थिति में तत्काल सहायता प्राप्त करने के लिए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी। इनमें वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वन स्टॉप सेंटर 181, साइबर हेल्पलाइन 1930, स्वास्थ्य सेवा 102 तथा एम्बुलेंस सेवा 108 शामिल हैं अभियान के तहत जनपद के सभी थानों की पुलिस द्वारा पुलिस की पाठशाला और चौपाल लगाकर महिलाओं और छात्राओं को जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग बनाना है।

# 12 से 28 मार्च तक राशन का नि:शुल्क वितरण

### अंत्योदय कार्डधारकों को 35 किलो अनाज मिलेगा, पात्र गृहस्थी को प्रति यूनिट 5 किलो खाद्यान्न

**बुलन्द मंज़िल ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अंतर्गत मार्च 2026 के लिए आवंटित खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण 12 मार्च से 28 मार्च तक किया जाएगा। यह जानकारी जिला पूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने दी उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा एनएफएसए के अंतर्गत आच्छादित गरीब लाभार्थियों के आर्थिक बोझ को कम करने और राष्ट्रीय एकरूपता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 1 जनवरी 2024 से पांच वर्षों तक अंत्योदय और पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को निःशुल्क गेहूं और चावल उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है योजना के तहत अंत्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड 21 किलोग्राम गेहूं और 14 किलोग्राम फोर्टिफाइड चावल, कुल 35 किलोग्राम खाद्यान्न निःशुल्क दिया जाएगा। वहीं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 3 किलोग्राम गेहूं और 2 किलोग्राम फोर्टिफाइड चावल, कुल 5 किलोग्राम खाद्यान्न मुफ्त वितरित किया जाएगा इसके अलावा अंत्योदय कार्डधारकों को जनवरी, फरवरी और मार्च तिमाही के लिए प्रति कार्ड 3 किलोग्राम चीनी 18 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से, कुल 54 रुपये में उपलब्ध कराई जाएगी खाद्यान्न वितरण ई-पॉस मशीन के माध्यम से किया जाएगा और पर्ची पर खाद्यान्न का मूल्य शून्य दशार्या जाएगा। लाभार्थियों को पोर्टेबिलिटी ट्रांजेक्शन की सुविधा भी मिलेगी, जिससे वे उपलब्ध स्टॉक के अनुसार किसी भी उचित दर दुकान से राशन प्राप्त कर सकेंगे खाद्यान्न वितरण का समय सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक निर्धारित किया गया है। 28 मार्च को आधार प्रमाणीकरण से राशन प्राप्त न करने वाले लाभार्थियों को मोबाइल ओटीपी वेरिफिकेशन के माध्यम से भी वितरण किया जाएग जिलाधिकारी के निर्देश पर न्याय पंचायत स्तर पर नोडल अधिकारी और प्रत्येक उचित दर दुकान पर पर्यवेक्षणीय अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है, ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी राशन से वंचित न रहे।

# कायाकल्प योजना से बदलेगा प्राथमिक विद्यालयों का स्वरूप : विधायक ठाकुर रामवीर सिंह





**बुलन्द मंज़िल ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मुंडापांडे क्षेत्र के ग्राम रंगोली स्थित रंगोली मंडप में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं पर चर्चा करते हुए ऑपरेशन कायाकल्प के तहत विद्यालयों के बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने पर विशेष जोर दिया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर संगोष्ठी का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार की कायाकल्प योजना के माध्यम से प्राथमिक विद्यालयों के विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। यदि किसी विद्यालय में बुनियादी सुविधाओं से संबंधित कोई कमी है तो विद्यालय प्रबंध समिति, ग्राम प्रधान या प्रधानाध्यापक उन्हें अवगत कराएं, ताकि समस्याओं का समाधान कराया जा सके विधायक ने कहा कि प्राथमिक विद्यालयों के समुचित विकास के लिए ग्राम प्रधान, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष व सचिव तथा प्रधानाध्यापकों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। उन्होंने शासन की मंशा के अनुरूप गरीब, असहाय और वंचित वर्ग के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने और विद्यालयों में पठन-पाठन की गुणवत्ता बढ़ाने पर भी जोर दिया। साथ ही विद्यालयों में स्वच्छता व्यवस्था को दुरुस्त रखने और शौचालयों को साफ-सुथरा बनाए रखने के निर्देश दिए खंड शिक्षा अधिकारी राजेश चतुर्वेदी ने बेसिक शिक्षा विभाग की योजनाओं की जानकारी देते हुए डीबीटी के माध्यम से धनराशि हस्तांतरण, निपुण भारत मिशन, विद्यालय प्रबंध समिति की भूमिका तथा ऑपरेशन कायाकल्प के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधानों और विद्यालय प्रबंध समिति के सचिवों को सम्मानित भी किया गया इस अवसर पर नीरज शर्मा, संजय सिंह, आशीष कुमार सिंह, सुमित कुमार, मुनेंद्र यादव, राजेश सिंह, देवेश चक्रवर्ती, अंजली, सपना सक्सेना, सतेंद्र कुमार, फारुख अली, मुन्ना सिंह, चंद्रशेखर सिंह, मयंक शर्मा सहित क्षेत्र के कई ग्राम प्रधान, शिक्षक और विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल द्वारा रात्रिकालीन औचक निरीक्षण पुलिस भर्ती परीक्षा व नवरात्रि-रामनवमी की तैयारियों का लिया जायजा





**बुलन्द मंज़िल संवाददाता**

**मुरादाबाद।** महानगर में आगामी 13 एवं 14 मार्च को प्रस्तावित पुलिस भर्ती परीक्षा तथा नवरात्रि एवं रामनवमी पर्व को दृष्टिगत रखते हुए नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल द्वारा रात्रिकालीन औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महानगर में आने वाले परीक्षार्थियों एवं श्रद्धालुओं के लिए नगर निगम द्वारा की जा रही व्यवस्थाओं का विस्तृत रूप से जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त महोदय ने पुलिस भर्ती परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों के लिए महानगर में शेल्टर होम की व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता स्वच्छता व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का निरीक्षण किया। साथ ही आगामी पर्वों के दृष्टिगत सड़कों को गड्ढा मुक्त रखने साफ-सफाई व्यवस्था सुदृढ़ रखने तथा प्रमुख मार्गों पर स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त द्वारा महानगर के प्रमुख मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों के आसपास की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि कहीं अवैध रूप से वेंडिंग न हो तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पर्याप्त संख्या में डस्टबिन एवं स्वच्छता व्यवस्था उपलब्ध रहे। नगर आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी दिनों में महानगर में आने वाले श्रद्धालुओं एवं पुलिस भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और उन्हें एक स्वच्छ सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराया जाए। नगर निगम मुरादाबाद द्वारा समस्त व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं तथा व्यवस्थाओं की सतत निगरानी सुनिश्चित की जा रही है। निरीक्षण में अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार अपर नगर आयुक्त अजीत कुमार सिंह
सहायक अभियंता निर्माण किशन लाल आदि उपस्थित रहे।

# मुंडापांडे पुलिस की चेकिंग में चोरी की स्विफ्ट डिजायर बरामद, कई संदिग्ध हिरासत में



**बुलन्द मंज़िल ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद मुरादाबाद के थाना मुंडापांडे क्षेत्र में पुलिस द्वारा चलाए जा रहे सघन वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक संदिग्ध स्विफ्ट डिजायर कार पकड़ी गई। जांच के दौरान पता चला कि वाहन चोरी का है। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर कुछ संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है जानकारी के अनुसार, मुंडापांडे थाना पुलिस क्षेत्र में नियमित रूप से वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक स्विफ्ट डिजायर कार संदिग्ध अवस्था में आती दिखाई दी। पुलिस ने वाहन को रोककर जांच की तो चालक सही कागजात नहीं दिखा सका। जब वाहन के नंबर और चेसिस नंबर की जांच की गई तो पता चला कि कार चोरी की है पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए कार को अपने कब्जे में ले लिया और वाहन में मौजूद लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि वाहन चोरी के किसी गिरोह से जुड़ा हो सकता है थाना मुंडापांडे पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से उपभोक्ताओं को राहत, सोलर पैनल पर मिल रही आकर्षक सब्सिडी

**बुलन्द मंज़िल ब्यूरो**

**मेरठ।** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने उपभोक्ताओं को स्वच्छ और किफायती ऊर्जा उपलब्ध कराने के लिए पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत सौर ऊर्जा को तेजी से बढ़ावा दिया जा रहा है। निगम के प्रबंध निदेशक रवीश गुप्ता (आईएएस) ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत आवासीय भवनों और आवासीय परिसरों में सोलर पैनल स्थापित कर उपभोक्ता न केवल स्वच्छ ऊर्जा का उपयोग कर सकते हैं, बल्कि अपने बिजली बिल में भी उल्लेखनीय कमी ला सकते हैं उन्होंने बताया कि मल्टी स्टोरी बिल्डिंग और आरडब्ल्यूए सोसाइटी में सोलर संयंत्र लगाने को विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा है। योजना के तहत 500 किलोवाट तक के सोलर संयंत्र की स्थापना पर प्रति किलोवाट 18 हजार रुपये तक अनुदान का प्रावधान है। इसके साथ ही सोलर ऊर्जा उत्पादन को नेट मीटरिंग व्यवस्था के माध्यम से बिजली बिल में समायोजित किया जाएगा। यदि सोलर प्लांट से अतिरिक्त बिजली उत्पन्न होती है तो उसे उपभोक्ता के मासिक बिल में समायोजित कर दिया जाता है निगम के अनुसार 10 किलोवाट तक के सोलर संयंत्रों पर आवेदन शुल्क और नेट मीटरिंग परीक्षण शुल्क में भी छूट दी गई है। राज्य और केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार 1 किलोवाट पर 45 हजार रुपये, 2 किलोवाट पर 90 हजार रुपये तथा 3 किलोवाट से अधिक पर 1 लाख 8 हजार रुपये तक अनुदान दिया जा रहा है पीवीवीएनएल क्षेत्र में इस योजना के प्रति उपभोक्ताओं का उत्साह बढ़ रहा है। अब तक 50,294 ग्रिड-कनेक्टेड सोलर प्लांट स्थापित किए जा चुके हैं, जबकि 44,483 उपभोक्ताओं को केंद्र और राज्य सरकार की सब्सिडी का लाभ मिल चुका है निगम ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि अधिक से अधिक लोग पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाकर अपने घरों में सोलर ऊर्जा को अपनाएं। इससे बिजली बिल में कमी आएगी और पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा।

# मुरादाबाद में एलपीजी गैस सिलेंडर की किल्लत, उपभोक्ताओं को करना पड़ रहा लंबा इंतजार



**बुलन्द मंज़िल ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद में इन दिनों एलपीजी गैस सिलेंडर की कमी से आम उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई इलाकों में बुकिंग के बाद भी समय पर गैस सिलेंडर की डिलीवरी नहीं हो पा रही है, जिससे लोगों को रसोई गैस के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है उपभोक्ताओं का कहना है कि पहले जहां बुकिंग के 1-2 दिन के भीतर सिलेंडर मिल जाता था, वहीं अब 4-5 दिन तक इंतजार करना पड़ रहा है। शहर के कई मोहल्लों में गैस एजेंसियों के बाहर लोगों की भीड़ भी देखी जा रही है गैस एजेंसी संचालकों का कहना है कि सप्लाई कम आने के कारण डिलीवरी प्रभावित हो रही है। उनका कहना है कि जैसे-जैसे गैस की आपूर्ति सामान्य होगी, उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर मिलना शुरू हो जाएगा वहीं उपभोक्ताओं ने प्रशासन से मांग की है कि गैस की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए, ताकि लोगों को रसोई गैस के लिए परेशान न होना पड़े।

# आगामी लोक अदालत के प्रचार प्रसार के संबंध में जिला सूचना अधिकारी व पत्रकारों के साथ किया बैठक का आयोजन

**दैनिक बुलंद मंजिल / ब्यूरो चीफ विनय कुमार राठौर**

**चन्दौसी।उ.प्र.** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में प्रस्तावित आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 14 मार्च 2026 के सफलतापूर्वक आयोजन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के संबंध में जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार बुधवार को प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संगल स्थित चंदौसी के विश्राम कक्ष में एक बैठक जिला सूचना अधिकारी एवं समस्त पत्रकारगण जनपद संभल के साथ आयोजित की गयी। उक्त बैठक में प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संभल स्थित चंदौसी द्वारा आगामी लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं समय-समय पर होने वाली आगामी लोक अदालतों की बैठकों की विज्ञप्ति समय से प्रकाशित करने हेतु दिशा-निर्देश दिये गये एवं उक्त बैठक के दौरान अवगत कराया गया कि इस संबंध में वादकारियों एवं अन्य अधिकारियों की मीटिंग समय समय पर आयोजित की जायेंगी ताकि राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार-प्रसार व्यापक स्तर पर किया जा सके एवं 14 मार्च 2026 को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कर उसे सफल बनाया जा सके। उक्त बैठक में जिला सूचना अधिकारी ब्रजेश कुमार एवं समस्त पत्रकारगण उपस्थित रहे। यह जानकारी प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दीपक कुमार जायसवाल द्वारा दी गयी।

# फीना गौशाला की व्यवस्थाओं पर उठ रहे सवाल निकले निराधार, साक्ष्यों के साथ प्रबंधक ने पेश की सच्चाई की तस्वीर





**दैनिक बुलंद मंजिल/गुलफाम राजा**

**शिवाला कला।** नूरपुर जनपद बिजनौर के नूरपुर ब्लॉक स्थित ग्राम पंचायत फीना में संचालित अस्थाई गौ आश्रय स्थल को लेकर पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों पर चल रही भ्रामक खबरों पर अब विराम लग गया है। गौशाला प्रबंधन ने वीडियो साक्ष्यों और धरातल की हकीकत पेश करते हुए उन तमाम आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है, जिनमें व्यवस्थाओं को बदहाल बताया जा रहा था। असलियत यह है कि यहाँ बेसहारा गौवंश के लिए न केवल आहार बल्कि उनकी सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। ?संसाधनों का अभाव फिर भी सेवा का जज्बाः गोपी श्याम सेवा समिति, नगीना की संचालिका और गौशाला प्रबंधक रजनी जौहर ने एक विशेष वार्ता के दौरान बताया कि संस्था के पास अपनी निजी जेसीबी (खउइ) मशीन उपलब्ध नहीं है। ऐसे में यदि किसी पशु की मृत्यु हो जाती है, तो नगर पालिका या अन्य माध्यमों से मशीन मंगवाने में कुछ समय लग जाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मृत पशुओं को खुले में छोड़ने के बजाय उन्हें गौशाला के पिछले हिस्से में निर्धारित स्थान पर रखा जाता है। सुरक्षा की दृष्टि से उन पर हल्की मिट्टी डालकर टीन के पत्तरों से ढक दिया जाता है। यह एक सुरक्षात्मक कदम है ताकि रात के समय आवारा कुत्ते या जंगली जानवर शवों को नुकसान न पहुँचाएं और मांस न खाएं। जैसे ही जेसीबी उपलब्ध होती है, नियमानुसार गहरा गड्ढा खुदवाकर उन्हें ससम्मान दफन कर दिया जाता है। इसी प्रक्रिया को कुछ लोगों ने गलत मंशा से फोटो खींचकर भ्रामक रूप में प्रचारित किया, जो कि पूरी तरह सत्य से परे है। ?आधुनिक मानकों पर पशुओं का रखरखावः 8 अक्टूबर से फीना गौशाला की जिम्मेदारी संभाल रही रजनी जौहर के अनुसार, यहाँ वर्तमान में 508 गौवंश संरक्षित हैं। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि पशुओं के लिए हरे चारे, सूखे भूसे और पौष्टिक चोकर का पर्याप्त भंडार मौजूद है। पशुओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उन्हें प्रतिदिन सुबह 9 बजे और दोपहर बाद 3 बजे नियमित रूप से आहार दिया जाता है। गौशाला की स्वच्छता और देखरेख के लिए 10 समर्पित कर्मचारियों की टीम तैनात है, जिनमें से 8 कर्मचारी दिन की पाली में और 2 कर्मचारी रात की पाली में मुस्तैदी से अपनी ड्यूटी निभाते हैं। ?भ्रामक प्रचार से बचने की अपील:प्रबंधक ने कहा कि पिछले 4 वर्षों से वे नगीना और बढ़ापुर सहित कई क्षेत्रों में गौसेवा कर रही हैं। उन्होंने अपील की है कि कुछ लोग निजी स्वार्थ या अधूरी जानकारी के कारण गौसेवा जैसे पुनीत कार्य में बाधा न डालें। कोई भी व्यक्ति या संस्था किसी भी समय मौके पर आकर पारदर्शी तरीके से की गई व्यवस्थाओं का मुआयना कर सकता है। ग्रामीणों और चश्मदीदों का भी मानना है कि यहाँ पानी और छाया की उत्तम व्यवस्था होने से बेसहारा पशुओं को काफी राहत मिल रही है।

## जनसेवा और विकास कार्यों से क्षेत्र में मजबूत पहचान बना रहे: खुर्शीद मंसूरी



**बुलंद मंज़िल मौहम्मद फैजान**

**नजीबाबाद/बिजनौर।** जनपद बिजनौर के नजीबाबाद क्षेत्र में नगर पंचायत साहनपुर के सक्रिय जनप्रतिनिधि खुर्शीद मंसूरी क्षेत्रीय राजनीति में लगातार अपनी मजबूत पहचान बना रहे हैं। जनसेवा, क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान और विकास कार्यों के प्रति उनकी सक्रियता के कारण वे जनता के बीच लगातार लोकप्रिय होते जा रहे हैं। नगर पंचायत साहनपुर और आसपास के क्षेत्रों में उन्होंने विकास कार्यों को प्राथमिकता दी है। सड़क, सफाई, पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए वे लगातार प्रयासरत रहते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब भी किसी मोहल्ले या क्षेत्र में कोई समस्या सामने आती है, तो खुर्शीद मंसूरी उसके समाधान के लिए सक्रिय रूप से आगे आते हैं।
खुशीरत मंसूरी नियमित रूप से क्षेत्र का दौरा कर लोगों से संवाद करते नजर आते हैं और उनकी समस्याओं को सुनते हैं। उनका मानना है कि जनता के बीच रहकर ही वास्तविक समस्याओं को समझा जा सकता है और उनका सही समाधान किया जा सकता है। यही वजह है कि क्षेत्र में उनकी छवि एक सक्रिय जनप्रतिनिधि के रूप में बनी हुई है। वर्तमान में खुर्शीद मंसूरी आज आजाद समाज पार्टी के मुरादाबाद मंडल प्रभारी के रूप में अपनी जिम्मेदारियां बखूबी निभा रहे हैं। इस पद पर रहते हुए वे संगठन को मजबूत करने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। संगठनात्मक जिम्मेदारियों के साथ-साथ वे क्षेत्र में विकास को लेकर भी लगातार प्रयासरत हैं। उनकी कार्यशैली यह दशार्ती है कि उनके लिए राजनीति केवल पद या प्रतिष्ठा हासिल करने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज सेवा का सशक्त जरिया है। जनसेवा और संगठनात्मक सक्रियता के चलते क्षेत्रीय राजनीति में उनकी पकड़ लगातार मजबूत होती दिखाई दे रही है और स्थानीय लोग भी उनसे क्षेत्र के विकास को लेकर काफी उम्मीदें लगाए हुए हैं। जिससे लोगों में उनका अपनापन देखने को मिल रहा है जिससे लोग काफी प्रभावित हो रहे हे।

## पति के घर गई महिला से मारपीट, देवर पर अश्लील हरकत और वीडियो बनाने का आरोप

**दैनिक बुलंद मंजिल यासिर शम्सी।**

**नगीना देहात।** क्षेत्र के एक ग्राम की रहने वाली एक महिला ने अपने ससुराल पक्ष पर मारपीट और देवर पर अश्लील हरकत करने का गंभीर आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि वह अपने पति और दो छोटे बच्चों के साथ नजीबाबाद में किराये के कमरे पर रहकर मजदूरी कर गुजर-बसर कर रही है। आरोप है कि 5 फरवरी को वह अपने पति को लेने ससुराल पहुंची तो ससुराल पक्ष के लोगों ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट कर दी।महिला का आरोप है कि उसके देवर ने तमंचा दिखाकर जबरन कपड़े उतरवाए, अश्लील हरकत की और मोबाइल से वीडियो बना ली। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई।महिला के अनुसार शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी वहां से भाग गए।उसने 1076 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी।पीड़िता ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर मेडिकल कराते हुए रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## नगीना थाने में सीओ ने किया अर्दली रूम,विवेचनाओं की समीक्षा कर दिए दिशा निर्देश




**दैनिक बुलंद मंजिल/ यासिर शम्सी।**

**नगीना।** पुलिस क्षेत्राधिकारी नगीना अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने बुधवार को थाना नगीना पहुंचकर वहां तैनात विवेचकों का अर्दली रूम किया।इस दौरान उन्होंने लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए उनके गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर आयोजित इस बैठक में सीओ ने एक-एक विवेचना की विस्तार से जानकारी ली और विवेचकों को निष्पक्ष एवं साक्ष्यों के आधार पर जांच पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विवेचनाओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण होना चाहिए,ताकि पीड़ितों को न्याय मिल सके।सीओ अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने विवेचकों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में अपराध और अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश भी दिए।साथ ही कानून व्यवस्था बनाए रखने और संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क नजर रखने को कहा।

# वीरा इंजीनियरिंग कॉलेज में एसआईआर-2026 को लेकर बीएलओ और सुपरवाइजरों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित




**बुलंद मंज़िल/उप जिला प्रभारी मौहम्मद फैजान**

**बिजनौर।** वीरा इंजीनियरिंग कॉलेज बिजनौर के ऑडिटोरियम में एसआईआर-2026 के संबंध में बीएलओ एवं सुपरवाइजरों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश नवदीप रिणवा ने की। इस दौरान जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा मुख्य निर्वाचन अधिकारी को शॉल, स्मृति चिन्ह तथा नगीना काष्ठ कला से निर्मित घड़ी भेंट कर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी वान्या सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट स्मृति मिश्रा, कुणाल रस्तोगी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, बीएलओ और सुपरवाइजर उपस्थित रहे।
मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निष्पक्ष, पारदर्शी और त्रुटिरहित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 की प्रक्रिया सुनिश्चित करने में बीएलओ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के शुद्धिकरण कार्य में विशेष सतर्कता बरतते हुए प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम निर्वाचक नामावली में शामिल किया जाना आवश्यक है।
उन्होंने निर्देश दिए कि नोटिसों की सुनवाई केंद्रों पर फार्म-6 और मैपिंग कार्य के लिए बड़ी संख्या में नागरिक आ रहे हैं, इसलिए जिला प्रशासन आवश्यकतानुसार कैंप आयोजित कर कार्य को सुगमता से संपन्न कराए, ताकि मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।
उन्होंने बताया कि 6 जनवरी 2026 को प्रकाशित मतदाता सूची में कुल 23,23,160 मतदाता शामिल हैं। इनमें से 89,822 मतदाता नो-मैपिंग श्रेणी में तथा 4,88,247 मतदाता लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी श्रेणी में हैं। इस प्रकार कुल 5,78,069 मतदाताओं को नोटिस जारी किए गए हैं। इनमें से 100 प्रतिशत नोटिस जनरेट किए जा चुके हैं तथा 5,52,502 (95.58 प्रतिशत) नोटिस बीएलओ द्वारा मतदाताओं को प्राप्त कराए गए हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान स्कूली छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।कार्यक्रम में एसआईआर के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 40 बीएलओ, 8 सुपरवाइजर तथा एक-एक ईआरओ और एईआरओ को मुख्य निर्वाचन अधिकारी और जिलाधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र तथा नगीना काष्ठ कला से निर्मित घड़ी देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर सदर एसडीएम रितु रानी, धामपुर एसडीएम स्मृति मिश्रा सहित अन्य अधिकारी, बीएलओ और सुपरवाइजर मौजूद रहे।

# छात्रों की सुरक्षा और समानता का मुद्दा लोकसभा में उठा, चंद्रशेखर आजाद ने सरकार से की बड़ी मांग

### IIT, IIM और AIIMS को भी UGC नियमों के दायरे में लाने की मांग, लोकसभा में बोले चंद्रशेखर आजाद



**बुलंद मंज़िल मौहम्मद फैजान**


**बिजनौर/धामपुर।** आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और नगीना लोकसभा क्षेत्र से सांसद चंद्रशेखर आजाद, ने लोकसभा में उच्च शिक्षा से जुड़ा एक महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया। उन्होंने लोकसभा के नियम 377 के अंतर्गत वत्रङ्ढ (उच्च शिक्षा संस्थानों में समता के संवर्धन हेतु) विनियम, 2026 को लेकर अपनी बात रखते हुए इसे सभी केंद्रीय वित्तपोषित और स्वायत्त उच्च शिक्षा संस्थानों पर लागू करने की मांग की।
सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि वर्तमान में वत्रङ्ढ विनियम 2026 में ह्लसभी उच्च शिक्षा संस्थानोंह्व का उल्लेख तो है, लेकिन इसकी परिभाषा केवल अधिनियम 1956 की धारा-3 के अंतर्गत आने वाले विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों तक ही सीमित है। इसके कारण देश के कई प्रमुख संस्थान जैसे नर्सिंग एवं शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान, कृषि विश्वविद्यालय तथा अन्य राष्ट्रीय महत्व के संस्थान इन नियमों के दायरे से बाहर रह जाते हैं। उन्होंने बताया कि देश में लगभग 23 क्रक्रञ्ज और 21 क्रढ्ढरू सहित करीब 12 हजार से अधिक स्वायत्त और राष्ट्रीय महत्व के संस्थान ऐसे हैं, जो वर्तमान वत्रङ्ढ नियमों के दायरे में नहीं आते, जबकि इन संस्थानों को केंद्र सरकार द्वारा वित्तपोषित किया जाता है। सांसद ने कहा कि यह स्थिति चिंताजनक है, क्योंकि जातिगत भेदभाव, मानसिक उत्पीड़न और संस्थागत असंवेदनशीलता से संबंधित कई शिकायतें इन्हीं संस्थानों से सामने आती रही हैं। उन्होंने इस संदर्भ में अक्क्रञ्जर, क्रढ्ढरू और ढंट’ ळ्रंि के मामले का उल्लेख करते हुए कहा कि इन घटनाओं ने उच्च शिक्षा संस्थानों में छात्रों की सुरक्षा और समानता को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने लोकसभा में बताया कि वर्ष 2014 से 2021 के बीच जातिगत भेदभाव के कारण रउ/रळ वर्ग के 72 छात्रों द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले सामने आए हैं, जो बेहद चिंताजनक हैं। सांसद चंद्रशेखर आजाद ने केंद्र सरकार से मांग की कि सभी केंद्रीय वित्तपोषित और स्वायत्त उच्च शिक्षा संस्थानों को वत्रङ्ढ के भेदभाव-निरोधी और छात्र सुरक्षा संबंधी विनियमों के दायरे में लाया जाए, ताकि छात्रों के साथ होने वाले किसी भी प्रकार के भेदभाव और उत्पीड़न को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि इससे देश के लाखों छात्रों को सुरक्षित और समान शैक्षणिक वातावरण मिल सकेगा तथा उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता और न्याय की भावना को मजबूती मिलेगी।

## 10 वर्षीय बच्चे पर धारदार हथियार से हमला, प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक बुलंद मंजिल यासिर शम्सी।**

**बढ़ापुर।** मोहल्ला लाल सराय निवासी वसीम पुत्र शफीक अहमद ने थाने में तहरीर देकर बताया कि रात करीब 9:30 बजे उनका 10 वर्षीय पुत्र मोहम्मद शाद नौमी कलहर वाली मस्जिद के पास चाउमीन खाने गया था। इसी दौरान नासिर पुत्र बुधु शेख अपने पुत्र और एक अज्ञात युवक के साथ किसी से मारपीट कर रहा था। आरोप है कि देखते ही देखते उक्त लोगों ने वसीम के पुत्र को भी घेर लिया और जान से मारने की नीयत से उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया,जिससे उसे खून से लथपथ चोटें आईं।पीड़ित बच्चे ने घर पहुंचकर परिजनों को घटना की जानकारी दी।वसीम का आरोप है कि हमलावर जाते समय गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी देकर गए।उन्होंने यह भी बताया कि आरोपी नासिर थाना बढ़ापुर का हिस्ट्रीशीटर है,जिससे उनके बेटे की जान को खतरा बना हुआ है।

## इंस्टाग्राम आईडी हैक कर युवती की बहन की एडिट फोटो वायरल करने की धमकी



**दैनिक बुलंद मंजिल यासिर शम्सी।**

**कोतवाली देहात।** क्षेत्र की एक युवती ने इंस्टाग्राम आईडी हैक कर उसकी छोटी बहन की फोटो एडिट कर वायरल करने और जान से मारने की धमकी देने वाले के खिलाफ थाने में तहरीर दी। नुसरत ने बताया कि उसने अपने नाम से इंस्टाग्राम आईडी बनाई हुई थी।आरोप है कि किसी अज्ञात युवक ने उसकी आईडी हैक कर ली और उसकी छोटी बहन की फोटो उठाकर उन्हें एडिट कर आपत्तिजनक तरीके से वायरल कर रहा है।पीड़िता का कहना है कि आरोपी उसके मोबाइल नंबर पर अश्लील और धमकी भरे संदेश भी भेज रहा है। साथ ही उसका मोबाइल नंबर अन्य लोगों को देकर गंदे मैसेज भिजवाने और समाज में बदनाम करने की धमकी दे रहा है।आरोपी ने पुलिस में शिकायत करने पर परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर घायल




**दैनिक बुलंद मंजिल यासिर शम्सी।**

**नगीना देहात।** कार की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।स्थानीय लोगों की मदद से घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार ग्राम नरुल्लापुर निवासी राजीव कुमार पुत्र महीपाल सिंह ग्राम रायपुर सादात से अपने गांव नरुल्लापुर मोटरसाइकिल से लौट रहा था।सुबह करीब 11:40 बजे जब वह राणा फार्म हाउस के सामने पहुंचा,तभी सामने से आ रही अल्टो कार के चालक ने तेज और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसकी बाइक में टक्कर मार दी।टक्कर लगने से राजीव कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया और मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई।मौके पर पहुंचे लोगों ने घायल को तुरंत नगीना के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया,जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल बिजनौर रेफर कर दिया गया।

## तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से युवक गंभीर घायल

**दैनिक बुलंद मंजिल यासिर शम्सी**

**नगीना देहात।** रायपुर चौराहे पर तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।शाम करीब 6:30 बजे शमशाद रायपुर चौराहे पर खड़े हुए थे।इसी दौरान स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल के चालक गौरव कुमार पुत्र जोगेंद्र सिंह निवासी ग्राम मुकंदपुर राजमल थाना बढ़ापुर ने तेज व लापरवाही से बाइक चलाते हुए शमशाद को टक्कर मार दी।हादसे में शमशाद गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक पर आरोपी के साथ दो अज्ञात व्यक्ति भी सवार थे,जो घटना के बाद मौके से फरार हो गए।पुलिस ने घायल की पत्नी की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## तहसील परिसर से वकीलों के चैंबरों में चोरी,एक दर्जन से अधिक पंखे गायब

**दैनिक बुलंद मंजिल यासिर शम्सी।**

**बिजनौर /नजीबाबाद।** तहसील परिसर स्थित अधिवक्ताओं के चैंबरों में सोमवार रात चोरी की घटना सामने आई है। चोर एक दर्जन से अधिक पंखे के साथ बिजली के तार और बोर्ड आदि सामान चोरी कर ले गए।बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सर्वे गहलौत, लटीकम सिंह, सुरेश गुप्ता और संजय त्यागी के नेतृत्व में अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल सीओ नितेश प्रताप सिंह से मिला।अधिवक्ताओं ने उन्हें घटना की जानकारी देते हुए सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से चोरी का खुलासा कराने की मांग की।बताया गया कि जिन अधिवक्ताओं के चैंबरों से पंखे चोरी हुए हैं,उनमें शिवानी,अजय चौधरी, राजेंद्र सिंह,नौबहार सिंह और रामकुमार समेत अन्य अधिवक्ता शामिल हैं।

## पत्थर मारकर 12 वर्षीय बालक के दांत तोड़े, मुकदमा कायम




**दैनिक बुलंद मंजिल/ यासिर शम्सी**

**नगीना देहात।** ग्राम रतुपुरा निवासी राबिया पत्नी शादाब ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शाम करीब 7:30 बजे उनका पुत्र अफ्फान (12) दुकान से सामान लेने जा रहा था।आरोप है कि रास्ते में गांव का ही अविनाश पुत्र वीरेंद्र अपने घर के सामने खड़ा था।उसने बालक को देखकर गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी।इसके बाद सड़क से पत्थर उठाकर अफ्फान पर फेंक दिया।पत्थर लगने से अफ्फान के सामने के दांत टूट गए और वह गंभीर रूप से घायल हो गया।परिजनों ने घायल बालक का उपचार कराया।

# बुजुर्ग सीएचसी पर बनवाएं आयुष्मान कार्ड

## -अब 60 से 70 वर्ष के वृद्धों के भी बनेंगे निशुल्क इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड

**बुलंद मंजिल /प्रदीप अग्रवाल**

**मथुरा।** आप बुजुर्ग हैं...असहाय भी हैं। कल को बीमारी की गिरफ्त में आये तो कोई अपना भी सामने नहीं आएगा। ऐसे में आयुष्मान कार्ड आपका साथी बनेगा। केंद्र सरकार की पहल पर यह सुविधा वृद्धों के लिए रामबाण सिद्ध हो रही है। आयुष्मान योजना के तहत अब 60 से 70 साल के बुजुर्ग भी पांच लाख रुपये तक के निशुल्क इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड का लाभ उठा सकेंगे। प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाने का अभियान तेज कर दिया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रामवीर सिंह ने ग्रामीणों से योजना का लाभ उठाने का आग्रह किया है, ताकि बुरे वक्त में उन्हें संबल मिल सके। कहा जिन बुजुर्गों के अभी तक यह कार्ड नहीं बना हो ,वह आवश्यक दस्तावेज के साथ सीएचसी फरह पर संपर्क करे और पंजीकरण कराएं। इसके लिए जगह जगह कैंप भी लगाए जा रहे हैं। ताकि समय से कार्य पूर्ण हो सके। उन्होंने कहा कि इसके तहत पात्र लोगों को निर्धारित अस्पतालों में निशुल्क उपचार की सुविधा मिलती है।

# धामपुर में माता सावित्रीबाई फुले का परिनिर्वाण दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया

**दैनिक बुलंद मंज़िल /मौहम्मद फैजान**

**धामपुर।** महिला शिक्षा की प्रेरणास्रोत और देश की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले के परिनिर्वाण दिवस पर धामपुर में श्रद्धापूर्वक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सूर्यवंशी सैनी संगठन द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित



रहे।कार्यक्रम के दौरान सेंट मेरी कॉन्वेंट स्कूल के सामने से मोहल्ला वाडवान को जाने वाले मार्ग का नामकरण ‘माता सावित्रीबाई फुले मार्ग’ के रूप में किया गया। पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह ने उपस्थित जनसमूह के बीच नामकरण पट्ट का अनावरण और उद्घाटन किया। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर ‘महात्मा ज्योतिबा फुले अमर रहें’, ‘माता सावित्रीबाई फुले अमर रहें’ और ‘सैनी समाज जिंदाबाद’ के नारों से वातावरण गूंज उठा।इसके अतिरिक्त, पालिका अध्यक्ष ने मोहल्ले के होली चौक पर आयोजित विचार गोष्ठी कार्यक्रम का शुभारंभ माता सावित्रीबाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में उन्होंने राष्ट्रीय सूर्यवंशी सैनी संगठन द्वारा किए जा रहे जनकल्याणकारी और रचनात्मक कार्यों की सराहना की तथा संगठन की निरंतर प्रगति की कामना की।कार्यक्रम में पूर्व पालिका सभासद सुरेंद्र सिंह सैनी, धर्मपाल सिंह सैनी, लक्ष्मी नारायण सैनी, डॉ. चंद्रशेखर, गोविंद सैनी, अंकित सिंह सैनी, संजीत सैनी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# नाली की सफाई न होने से फेल रही है बीमारी



**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**पटवाई ।** कस्बा में मिलक रोड पर आदा दर्जन दुकानों के आगे नाली की एक वर्ष से सफाई न होने पर डीएम से शिकायत की। कस्बा निवासी जगजीत सिंह ने डीएम को वॉट्सएप की माध्यम से शिकायत की है जिसमें बताया कि लोगों की आदा दर्जन दुकानों के आगे एक साल से सफाई नहीं है। जिस कारण नाली में पानी जमा और गन्दगी भरी हुई है। जिससे आस पास लोगों के निवासी और दुकानदारों में बीमारी फैल रही हैं। वही जल्द से जल्द सफाई करने की मांग की।

# पटवाई में अवैध प्लॉटिंग पर गरजी प्रशासन की जेसीबी





**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**पटवाई** संवाददाता थाना क्षेत्र के नरखेडा गांव में हो रही अवैध प्लाटिंग पर प्रशासन की जेसीबी गरजी। गाटा संख्या 281 पर कुछ लोग बिना नक्शा पास कराए प्लाटिंग कर रहे थे। बुधवार दोपहर करीब तीन बजे शाहबाद उपजिलाधिकारी के आदेश अनुसार नायव तहसीलदार राजेश कुमार कानूनगो संजय सक्सैना हलका अनिल कुमार लेखपाल ने पुलिस टीम की मौजूदगी मे बची हुई प्लॉटिंग दोबारा ध्वस्त कराई गयी। एसडीएम शाहबाद आशुतोष कुमार ने बताया कि अगर किसी भी व्यक्ति नक्शा पास कारण बिना प्रॉपर डॉक्यूमेंट के बिना प्लॉटिंग होगी उसे बर्दास नहीं किया जाएगा उसपर राजस्व विभाग की टीम को भेज कर कार्यवाही करवाई कि जाएगी ।

# शाहबाद पुलिस ने नाबालिग को ले जाने में वांछित किया गिरफ्तार

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**शाहबाद रामपुर।** मंगलवार को वादिनी की तहरीर बावत अभियुक्त अजय पुत्र कुवरपाल सिंह निवासी ग्राम कुरा थाना बहजोई जनपद सम्भल द्वारा वादिनी की नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने के सम्बन्ध में थाना शाहबाद पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया था बताया जा रहा है कि विवेचना के क्रम में अपहर्ता को सकुशल बरामद कर विधिक कार्यवाही की गई ।

पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के



विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर के कुशल पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी शाहबाद के निर्देशन में थाना शाहबाद पुलिस द्वारा मंगलवार को विवेचना में मुकदमा दर्ज कर वांछित अभियुक्त अजय पुत्र कुवरपाल सिंह निवासी ग्राम कुरा थाना बहजोई जनपद सम्भल को ग्राम मंगोली से ग्राम केसरपुर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई ।

# हैंडपंप खराब होने से पानी पीने के लिए करना पड़ रहा है दिक्कतों का सामना



**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**पटवाई** कस्बा बाजार में हैंडपंप खराब होने से लोगों को पानी पीने के लिए दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। कस्बा ने सप्ताह दो दिन बाजार भी लगता है और चारों तरफ दुकानें है । बाजार में आए दुकानदार और ग्राहको भी पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा हैं। दुकानदारों का कहना है हैंडपंप एक हफ्ते से खराब पड़ा है। वही कस्बा निवासी विक्की ने बताया कि बाजार हैंडपंप न होने से पानी पीने के लिए इधर-उधर जाना पड़ रहा है। लोगों को अपने घर या दूसरी जगह से पानी लाने की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण में शाहबाद की गुलफिजा और बिलासपुर की रिया जैन को डीएम ने किया सम्मानित







**दैनिक बुलंद मंज़िल / विनोद गुप्ता**

**रामपुर ।** बुधवार को जिले में यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में सफलता हासिल करने पर जनपद की शाहबाद तहसील के मोहल्ला मस्जिद काजी निवासी गुलफिजा एवं तहसील बिलासपुर निवासी रिया जैन को जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित अपने कार्यालय में आमंत्रित कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने दोनों प्रतिभाशाली छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि दोनों छात्राओं की उपलब्धि जनपद के लिए गर्व का विषय है और उनकी सफलता से अन्य युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि कड़ी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने छात्राओं से उनके परीक्षा अनुभव और तैयारी के बारे में भी जानकारी प्राप्त की तथा उन्हें भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य करते हुए समाज और देश की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी कार्यालय में मौके पर मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी दोनों छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित की।

# तराबी पूरी होने पर मुफ्ती मोलानाओ ने मुल्क मे अमन शांति भाईचारा कायम रहे : दुआ पढ़ी

**दैनिक बुलंद मंजिल ब्यूरो चीफ बिजनौर**

**बिजनौर / नगीना।** मोहल्ला छिपपी पाड़ा निवासी समाज सेवी अफजल अंसारी के घर आयोजित नमाज - ए - तरावीह में कुरआन करीम की पुरा होने के मौके पर एक बरकत वाला प्रोग्राम रखा गया। इस कार्यक्रम में इलाके के उलेमा और सम्मानित लोगों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर जामा मस्जिद नगीना के इमाम व खतीब मुफ्ती ओवैस अकरम कासमी ने अपने बयान में रमजान के आखिरी दस दिनों ( आखिरी अशरा ) की अहमियत और फजीलत के बारे में जानकारी दी और कहा कि रमजान का आखिरी अशरा अल्लाह को राजी करने का बहुत अच्छा मौका होता है। इसलिए मुसलमानों को चाहिए कि इस समय ज्यादा से ज्यादा इबादत करें, दुआ करें और अल्लाह से माफी माँगें। मुफ़्ती अबरार कासमी ने शब-ए-कद्र की



अहमियत बताते हुए कहा कि यह बहुत मुबारक रात है, जो हजार महीनों से बेहतर बताई गई है, इसलिए इसे पाने की पूरी कोशिश करनी चाहिए। मुफ्ती इमरान कश्मीर ने बताया कि मुसलमान को चाहिए मोहल्ले में जहां भी गरीब आदमी हो गरीब परिवार हो घर-घर जाकर गरीबों की रूपों से पैसों से कपड़ों से उसकी मदद करें इस प्रोग्राम में मुफ्ती अबरार कासमी, मुफ्ती इलियास कासमी, मौलाना अब्दुल कादिर कासमी, मौलाना तारिक कासमी, मुफ्ती कफील मजाहिरी, मुफ्ती नबील अहमद रशीदी, मौलाना वकील हाफि ज शकील सरफराज अंसारी, समाजसेवी व दैनिक भास्कर संवाद दाता अफजल अंसारी, भारतीय प्रेस क्लब के अध्यक्ष वसीम वारसी एडवोकेट चेयरमनों के अध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील, हाफि ज अहमद, हाफि ज अकदस, मशारिब एडवोकेट, ओगी बेकर्स सेठ उवैस अंसारी, शहजाद अहमद, अब्दुल वाहिद अंसारी,( एड) फरहान अफजल व बाहर आलम सहित कई सम्मानित लोग मौजूद रहे। अंत में दुआ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ और मेजबान अफजल अंसारी ने सभी मेहमानों का धन्यवाद किया।

# छेड़छाड़ व मारपीट के मामले चार पर केस दर्ज

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**पटवाई ।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने थाना में तहरीर देकर बताया है कि अपने पति के साथ मेला देखने गई थी वहां पर एक युवक ने बुरी नीयत से उनका हाथ पकड़कर छेड़छाड़ की। वहीं किसी तरह से अपने घर आ गई जहां पर उक्त लोगों ने गंदी-गंदी गाली देते हुए उनके पति को लाठी डंडों से मारा पीटा और सर पर किसी भारी वस्तु से वार कर दिया जब पति को बचाने गई तो उनको भी धक्का देकर लात घुसो से मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने महावीर ,हरपाल, पप्पू ,ओम प्रकाश के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कार्यवाही शुरू कर दी।

# पत्नी की ट्रक से कुचलने में हुई मौत, पति ने अज्ञात में दर्ज कराया मुकदमा

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**शाहबाद रामपुर ।** मामला कोतवाली शाहबाद क्षेत्र से जुड़ा है जहां सड़क हादसे में 24 वर्षीय महिला की मौत हो गई। यह घटना 7 मार्च को नेताजी सुभाष विद्या मंदिर प्राइमरी पाठशाला के पास हुई। जहां तेज रफ्तार ट्रक ने महिला को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।मृतक महिला की पहचान पूजा देवी पत्नी महीपाल निवासी मोहल्ला मंगोली थाना शाहबाद के रूप में हुई है। वह अपने खेत से काम करके घर लौट रही थीं, तभी बिलारी की ओर से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी।टक्कर के बाद पूजा देवी को गंभीर हालत में सीएचसी शाहबाद ले जाया गया। डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए तुरंत मुरादाबाद रेफर कर दिया। हालांकि, मुरादाबाद ले जाते समय सैफनी पहुंचने पर रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई।इस घटना को रणजीत पुत्र छत्रपाल और जगपाल सिंह पुत्र भीमसेन, निवासी ग्राम मंगोली सहित कई राहगीरों ने देखा। मृतका के पति महीपाल ने अपनी पत्नी के अंतिम संस्कार के बाद शाहबाद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने ट्रक के अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# भारतीय सेना मे लेफ्टिनेंट नियुक्त होने पर ब्राह्मण शक्ति संघ ने किया स्वागत

**दैनिक बुलंद मंजिल / ब्यूरो चीफ विनय कुमार राठौर**

**चन्दौसी।** नगर के मोगा रेस्टोरेंट पर एक स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें अभय मिश्रा निवासी बदायूं पुत्र स्वर्गीय उमेश चंद मिश्रा का लेफ्टिनेंट इंडियन आर्मी मैं नियुक्त होने पर ब्राह्मण शक्ति संघ ने फूल माला पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत सम्मान किया गया । स्वागत सत्कार के उपरांत नवनियुक्त अभय मिश्रा ने बताया की यह नियुक्ति अपने स्वर्गीय पिता उमेश चंद्र मिश्रा को समर्पित करते हैं।यह उनका ही सपना था कि वह इंडियन आर्मी में देश सेवा में तत्पर हो ।अभय मिश्रा ने बताया की बहुत बार परिस्थितियों ने उनको विवश किया कि वह अपना लक्ष्य छोड़ दें परंतु वह अपने स्वर्गीय पिता का सपना पूर्ण करना चाहते थे।इसलिए लक्ष्य के




प्रति समर्पित रहे तथा कठिन परिश्रम से अपने लक्ष्य को प्राप्त किया। अभय मिश्रा की माता सरिता मिश्रा ने कहा कि अभय मिश्रा के पिता जी के परलोक गमन के उपरांत परिस्थितियों प्रतिकूल हो गई थी परंतु मैं मेहनत करने के लिए अपने पुत्र को हौसला अफजाही करती रही ओर अंत में अभय मिश्रा ने सफलता हासिल की। ब्राह्मण शक्ति संघ के पदाधिकारियों ने उनको बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभ कामनाएं देते हुए कहा उनकी सफलता निश्चित ही ओर युवाओं को प्रोत्साहित करेगी । स्वागत कार्यक्रम में ब्राह्मण शक्ति संघ के प्रदेश अध्यक्ष विवेक मिश्रा, प्रदेश संयोजक मुकेश गौड़, प्रदेश महामंत्री विवेक शर्मा गुमथल संगठन मंत्री अविरल शर्मा,प्रदेश कोषाध्यक्ष सचिन शर्मा,उपाध्यक्ष उमाकांत शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ सचिन मिश्रा, जिला संयोजक निशांत शर्मा, जिला उपाध्यक्ष प्रशांत वशिष्ठ, योगेश भारद्वाज, विकास शर्मा,योगेश्वर शर्मा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश प्रवक्ता विनीत शर्मा ने किया ।

# फर्जी वीजा तैयार कर लाखों रुपये की ठगी करने के एक आरोपी को दबोचा



**दैनिक बुलंद मंजिल ब्यूरो चीफ बिजनौर**

**बिजनौर / चांदपुर।** पुलिस द्वारा अपराधियों की रोकथाम एवं अपराधियों के सत्यापन अभियान के तहत लाखों रुपये की ठगी करने में नामजद तीन अभियुक्तों में से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

किरतपुर के मोहल्ला अहमद खेल निवासी शादान पुत्र नफीस अहमद द्वारा 3 अगस्त 2025 को न्यायालय के आदेश पर चांदपुर थाने में दर्ज रिपोर्ट तीन व्यक्तियों शमशाद, नौशाद व दिलशाद पुत्रगण. अंसार निवासी मोहल्ला शाहचंदन को नामजद किया गया था। रिपोर्ट में कहा गया था कि इन सभी ने उसे सऊदी अरब ले जाने के नाम पर उससे एक 27 हजार रुपये अपने खाते में डलवाए तथा 50 हजार रुपये नगद लिए। जब उसने अरब भेजने के लिए आरोप डाला तो उसके साथ धोखाधड़ी कर लाभ कमाने के उद्देश्य से छल, कपट, धोखाधड़ी, कूटरचना कर उसके नाम से फर्जी वीजा तैयार कराकर पैसे ठगे गए। इतना ही नहीं, आरोप था कि पैसा मांगने पर मना किया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस टीम जिसमें उप निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबिल रतन सिंह द्वारा नामजद अभियुक्तों में नौशाद पुत्र अंसार को गिरफ्तार कर लिया।

# हिन्दी नववर्ष के आगमन पर 14 मार्च को उत्सव का आयोजन

**दैनिक बुलंद मंजिल ब्यूरो चीफ बिजनौर**

**बिजनौर / चांदपुर।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन महिला प्रकोष्ठ चांदपुर के तत्वावधान में हिंदी नववर्ष की शुभ बेला पर मां जगदंबा की असीम कृपा से नवदुर्गा उत्सव का आयोजन 14 मार्च को पंचवटी उपवन में होगा। इस अवसर पर सांय 3:30 बजे भजनसंध्या, 6:30 बजे आरती एवं भोग का आयोजन होगा। उक्त जानकारी प्रकोष्ठ की अध्यक्ष पलक अग्रवाल, महामंत्री रितु गर्ग ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम में भजन संध्या के माध्यम से श्रद्धालु माता रानी का गुणगान करेंगे। इस अवसर पर गायक श्रीकांत कोहली (चांदपुर) एवं रोहण अमोली (कोटद्वार) अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

# जलभराव के कारण रिक्शा पलटने से घायल युवक की हुई मौत

**दैनिक बुलंद मंजिल / ब्यूरो चीफ विनय कुमार राठौर**

**चन्दौसी।** थाना कोतवाली क्षेत्र में के मोहल्ला कबीर की गली में नाला निर्माण के कारण जल भराव की स्थिति बनी हुई है। वहां से आने-जाने वाले राहगीरों को निकलने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जहां स्कूल के बच्चे व रहागीर कई बार चोटिल भी हुए हैं। बुधवार की सुबह एक रिक्शे पर सवार होकर जा रहे शेर सिंह पुत्र राम सहाय (60) निवासी दासपुर थाना फैजगंज बेहटा जनपद बदायूं अपने काम के लिए जा रहा था।कि जैसे ही वह सलीम की पुलिया के पास पहुंचा तभी जलभराव होने के कारण रिक्शा पलट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने एकत्रित होकर उसे आनन फानन में सरकारी अस्पताल ले गए। जहां अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। मौके में पहुंची पुलिस ने शब को कब्जे में लिया और इसकी सूचना मृतक के परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे मृतक के भाई रामस्वरूप ने बताया कि वह चंदौसी में फूल की डेकोरेशन का काम करता है और आज भी वह घर से निकलकर अपने काम पर जा रहा था। कि जैसे ही वह सलीम की पुलिया के पास पहुंचा तो रिक्शा पलटने से चोटिल हो गया और उसकी मौत हो गई।

# सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीनेशन जरूरी : मुख्य चिकित्सा अधिकारी

## किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए शीघ्र शुरू होगा एचपीवी टीकाकरण

**दैनिक बुलन्द मंज़िल**

**बरेली।** सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से किशोरियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बरेली सहित प्रदेश के सभी जिलों में सिंगल डोज ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान शुरू हो रहा है। यह विशेष अभियान अगले तीन माह तक 27 कोल्ड चेन पॉइंट पर संचालित होगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर भारत में महिलाओं में होने वाला दूसरा प्रमुख कैंसर है और एचपीवी वैक्सीन के माध्यम से इसे रोका जा सकता है। इसलिए सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीनेशन जरूरी है`

अभियान का औपचारिक उद्घाटन माननीय प्रधानमंत्री द्वारा पहले ही किया जा चुका है।



अभियान उन सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित होगा जहां कोल्ड चैन पॉइंट की सुविधा उपलब्ध है। जिले में दो मेडिकल कॉलेज, जिला महिला अस्पताल, 8 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र(यूपीएचसी) और 16 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) पर यह सुविधा उपलब्ध है। पहले तीन माह अभियान के दौरान, एचपीवी टीकाकरण सप्ताह के सभी कार्यदिवसों में प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जाएगा, उसके बाद नियमित टीकाकरण के तहत बुधवार और शनिवार को होगा।

जिला स्तरीय प्रशिक्षण और जिला महिला अस्पताल के स्टाफ का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है और आज से नगरीय एवं ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्यकर्मियों का प्रशिक्षण शुरू हो रहा है। डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि सभी किशोरियों को गार्डसिल की सिंगल डोज वैक्सीन दी जाएगी जो चार तरह के स्ट्रेन 06,11,16,18 पर काम करेगी। शासन की ओर से जिले को 13830 डोज गार्डसिल वैक्सीन उपलब्ध कराई गई है।

